

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षो से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 14 अंक 23 | उज्जैन, रविवार 2 जुलाई 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

आपकी ज़िंदगी आपके मस्तिष्क में चल रहे विचारों का ही स्वरूप है।

## न्यूज ब्रीफ

### एलन मस्क की कंपनी ट्विटर ने बैन किए 11 लाख से ज्यादा अकाउंट, इस कारण लगाया गया है प्रतिबंध

**नई दिल्ली/जीएनएस।** एलन मस्क की कंपनी ट्विटर ने अपने प्लेटफार्म पर गलत तरह की चीजों को बढने से रोकने के लिए 26 अप्रैल से 25 मई के बीच भारत में कुल 11,32,228 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन खातों पर बाल यौन शोषण और आतंकवाद से संबंधित नीति उल्लंघन के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। कंपनी के अनुसार, अधिकांश खातों पर दुर्व्यवहार/उत्पीडन (264), इसके बाद बुरा आचरण (84), संवेदनशील सामग्री (67) और मानहानि (51) के मामलों के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। देश में ट्विटर पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,843 अकाउंट भी हटा दिए। अपनी मासिक रिपोर्ट में, सोशल मीडिया कंपनी ने कहा कि उसे अप्रैल-मई की समय सीमा के दौरान अपने शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से भारत में यूजर्स से 518 शिकायतें प्राप्त हुईं। कंपनी ने इस सप्ताह प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद हमने इनमें से 25 खातों के निलंबन को रोक दिया। शेष रिपोर्ट किए गए खाते अब बैन ही रहेंगे।

### लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी बोलीं, सभी सब-वे को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली की लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने सभी सब-वे को पैदल यात्रियों के लिए और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने पर काम कर रही है। सुश्री आतिशी ने शनिवार को अधिकारियों के साथ दक्षिणी दिल्ली के पाँच सब-वे का निरीक्षण किया जिसमें ग्रेटर कैलाश मेट्रो के निकट मस्जिद मोठ सब-वे, नेहरु प्लेस सब-वे, लाजपत नगर सब-वे, एंड्रूज गंज सब-वे और लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन सब-वे शामिल है। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों में विभाग ने दिल्ली भर में सब-वे के हालातों को बेहतर बनाने का काम किया है, लेकिन अभी भी सभी सब-वे में सुधार की और गुंजाईश है7 उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, सब-वे की मौजूदा स्थिति को और बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को बेहतर सुविधाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है7 इस दिशा में पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार अपने सभी सब-वे को पैदल यात्रियों के लिए और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग अपने अंतर्गत आने वाले दिल्ली के सभी सब-वे को नया रूप दे रहा है। साथ ही सब-वे के साफ़-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, पिछले महीने कुछ निरीक्षण के दौरान हमनें पाया था कि कुछ सब-वे में रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था नही है।

### संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से, यूसीसी बिल हो सकता है पेश, सत्र में होंगी कुल 17 बैठकें

**नई दिल्ली/जीएनएस।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) ने सत्र की तारीखों पर मुहर लगा दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीसीपीए की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तारीख पर फैसला हुआ। मानसून सत्र में केंद्र की मोदी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बिल पेश कर सकती है। संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को ट्वीट कर बताया कि संसद का मानसून सत्र, 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य कामकाज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। खास बात यह है कि यह मॉनसून सत्र नए संसद भवन में चलेगा. पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 मई को नई संसद का उद्घाटन किया था।

**मोदी की गारंटी है हर भारतीय को अच्छा स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड द्वारा दिया जाए**

# जनता झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहे हमारी सरकार ने हर सामान्य व्यक्ति की तरक्की की गारंटी ली है-प्रधानमंत्री

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आयुष्मान कार्ड हर भारतीय के लिये अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी है। इस कार्ड में गरीबों के निःशुल्क 5 लाख रूपये तक के इलाज की गारंटी है। हिन्दुस्तान में आपका कहीं भी स्वास्थ्य खराब हो, अस्पताल में जाकर यह कार्ड दिखा देना आपको 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज मिल जायेगा। गरीब की सबसे बड़ी चिंता बीमारी होती है और यह कार्ड आपके इलाज की गारंटी है। इस योजना में अभी तक 5 करोड़ गरीबों का इलाज हो चुका है। अगर यह कार्ड नहीं होता तो गरीबों को इलाज के लिये अपना घर-बार बेचना होता। आज यहाँ मध्यप्रदेश के एक करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिये गये हैं। यह कार्ड गरीब की जेब में इलाज के लिये 5 लाख रूपये के एटीएम का कार्य करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आयुष्मान कार्ड के हितग्राही देवेन्द्र कुमार कौल का कार्ड दिखाते हुए बताया कि इस पर लिखा है 5 लाख का मुफ्त उपचार। यह मोदी की हर गरीब के लिये मुफ्त इलाज की गारंटी है। इस देश में गरीबों को कभी भी किसी ने एक वर्ष में 5 लाख रूपये के इलाज की गारंटी नहीं दी, यह हमारी सरकार ने किया है।

### सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन में नोबल विजेता जापानी वैज्ञानिक से मदद ली-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मैं जापान की यात्रा पर गया था, तब मैंने वहाँ एक नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक से बातचीत की, जो सिकल सेल एनीमिया बीमारी पर शोध कर रहे थे। मैंने उनसे मदद माँगी। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन को हमने आजादी के अमृत काल का प्रमुख मिशन बनाया है। वर्ष 2047 तक भारत को इस बीमारी से मुक्त करना हमारा लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनता झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहे। उनकी गारंटी में छुपे खोट को पहचाने। मुफ्त बिजली की गारंटी बिजली के दाम बढ़ाने का छल है, मुफ्त सफर की गारंटी यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करना है, पेंशन बढ़ाने की गारंटी का अर्थ है कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलेगा, सस्ते पेट्रोल की गारंटी टैक्स बढ़ाने का संकेत है, रोजगार बढ़ाने की गारंटी उद्योग-धंधों को चौपट करने की साजिश है।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश के शहडोल जिले के लालपुर में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश में एक करोड़ से अधिक पीवीसी आयुष्मान कार्डों का वितरण प्रारंभ किया। प्रधानमंत्री ने देश में साढ़े 3 करोड़ से ज्यादा डिजिटल आयुष्मान कार्ड का टैब का बटन दबा कर वितरण किया। उन्होंने सिकल सेल नेशनल पोर्टल, मिशन प्रबंधन गाइड-लाइन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिये आयुष्मान प्रशिक्षण मॉड्यूल, गैर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिये जागरण मॉड्यूल और बीमारी से पीड़ित बच्चों के माता-पिता के लिये मॉड्यूल का भी विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने रीना सिंह गोंड, हेमराज कोल और राजेन्द्र सिंह गोंड, मंदाकिनी नाथ जोगी और दीपक कुमार को सिकल सेल कॉउंसिलिग कार्ड वितरित किये।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सभी गंभीर बीमारियों को समाप्त करने के लिये दिन-रात मेहनत कर रही है। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2025 तक हम टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिये कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2013 में काले ज्वर के 11 हजार मामले थे, जो आज घट कर 1000 से भी कम रहे गये हैं। वर्ष 2013 में मलेरिया के 10 लाख मामले थे, वर्ष 2022 में यह घट कर 2 लाख से कम हो गये हैं। वर्ष 2013 में कुष्ठ रोग के सवा लाख मरीज थे, जो 70-75 हजार रह गये हैं। दिमागी बुखार के मरीजों की संख्या में भी बहुत कमी आई है। उन्होंने कहा कि बीमारी कम होती है तो लोग दुख, पीड़ा, संकट से मुक्त होते हैं, मृत्यु भी कम होती है। आयुष्मान भारत योजना इसमें अत्यंत लाभकारी है।

### जनजातीय वर्ग के कल्याण के निरंतर कार्य

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार निरंतर जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश की धरती से 15 नवम्बर को हर वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया, इस दिन पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाता है। सभी राज्यों में जनजातीय संग्रहालय बनाये गये हैं। हम जनजातीय नायकों के बलिदान एवं देश के लिये योगदान को निरंतर याद करते हैं।

मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शंकर शाह विश्वविद्यालय रखा गया, पाताल पानी रेलवे स्टेशन का नाम टंट्या मामा रेलवे स्टेशन रखा गया। हमने आदि महोत्सव जैसे आयोजन चालू किये। हमारी राष्ट्रपति जनजातीय वर्ग की हैं। जनजातीय युवाओं के समक्ष हमेशा भाषा की चुनौती रहती थी। हमारी नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा में शिक्षा की व्यवस्था की गई है। देश में 400 से अधिक एकलव्य स्कूल संचालित हैं। मध्यप्रदेश के 24 हजार जनजातीय विद्यार्थी इन विद्यालयों में शिक्षा ले रहे हैं। हमने जनजातीय मंत्रालय बनाया और उसके बजट को 3 गुना किया। जनजातीय बंधुओं को जल, जंगल और जमीन के अधिकार दिये। पेसा एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया।

### पूरे देश में मनेगी रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती


प्रधानमंत्री श्री मोदी ने घोषणा की कि 5 अक्टूबर को रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पूरे देश में मनाई जायेगी। रानी दुर्गावती की वीरगाथा को याद करने के लिये फिल्म बनाई जायेगी, चांदी का सिक्का निकाला जायेगा, पोस्टल स्टॉम्प जारी किया जायेगा और घर-घर प्रेरणा अभियान चलाया जायेगा। मध्यप्रदेश विकास की ऊँचाइयों को छुएगा और हम साथ मिल कर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट से तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत, गुजरात हाई कोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली/जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम राहत प्रदान कर दी है। तीस्ता की नियमित जमानत 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में कथित तौर पर साक्ष्य गढने के मामले में गुजरात उच्च न्यायालय ने शनिवार को खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने उन्हें तुरंत सरेंडर करने को कहा था जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने देर शाम रोक लगा दी। सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर तीन जजों की बेंच ने सुनवाई की शुरू की थी। सुनवाई शाम 9ः15 पर शुरू हुई। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच के सामने मामले को रखा गया। असल में तीस्ता सीतलवाड़ को गुजरात हाई कोर्ट ने शनिवार को उनकी जमानत याचिका रद्द करते हुए सेरेंडर करने को कहा था।



इस फैसले के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट गई थीं। दरअसल 2002 गोधरा दंगा मामले गुजरात हाई कोर्ट के नियमित जमानत खारिज करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में तीस्ता सीतलवाड़ ने चुनौती दी है। गुजरात हाई कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ की नियमित जमानत की याचिका को खारिज करते हुए सीतलवाड़ को इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने तुरंत आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। गुजरात हाई कोर्ट के इस आदेश को लेकर तीस्ता सीतलवाड़ ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शनिवार को इस मामले पर जस्टिस की अध्यक्षता वाली 2 जजों की बेंच ने सुनवाई की। यहां दोनों जजों की राय अलग होने के बाद इस मामले को बड़ी बेंच के पास सुनवाई के लिए भेजने का आग्रह करते हुए सीजीआई के पास भेज दिया था. इसके बाद सीजीआई ने मामले की सुनवाई के लिए जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ गठित की।



# अमरनाथ में हर-हर महादेव, पहले जत्थे ने किए दर्शन, जम्मू आधार शिविर से 4416 शिवभक्त रवाना

**पवित्र गुफा मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ हुई आरती**

**जम्मू/जीएनएस।** शनिवार यानी पहली जुलाई से अमरनाथ धाम की पावन यात्रा भगवान शिव के जयघोष और हर-हर महादेव के नारे के साथ शुरू हो गई। पवित्र गुफा मंदिर की पहली तस्वीर भी सामने आई है। शनिवार सुबह मंत्रोच्चार के साथ आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे ने गुफा मंदिर की ओर अपनी यात्रा सुबह शुरू की थी। दोपहर बाद वे गुफा तक पहुंच गए और बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पहले दिन जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में बालटाल आधार शिविर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ था। यात्रा को गांदरबल के डिप्टी कमिश्नर श्यामबीर ने श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड और



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। तीर्थयात्री आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर तक 12 किलोमीटर की यात्रा करके पहुंचे हैं। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में बालटाल आधार शिविर पहुंचा था।

उधमपुर जिले के टिकरी में काली माता मंदिर में जिला प्रशासन ने उनका स्वागत किया। उधर, जम्मू-कश्मीर से 4,416 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शनिवार को यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से श्री अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 'बम बम भोले' का उच्चारण करते हुए तीर्थयात्री 186 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए रवाना हुए। बालटाल शिविर के लिए 1,683 तीर्थयात्री 92 वाहनों रवाना हुए, जिसमें 1,314 पुरुष, 306 महिलाएं, 14 बच्चे, 44 साधु और पांच साध्वियां शामिल हैं। पहलगाम शिविर के लिए 2,173 पुरुषों, 310 महिलाओं, आठ बच्चों, 227 साधुओं और 22 साध्वियों सहित 2733 तीर्थयात्री 94 वाहनों में रवाना हुए। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के सीईओ मनदीप कुमार भंडारी ने बताया कि अब तक तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

# बदनावर से शुरू हुई युवा मोर्चे की दो दिवसीय वाहन रैली

**जिले की सातो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर धार पहुंचेगी रैली**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को दो दिवसीय वाहन रैली की शुरुआत की गई। यहां से रवाना हुई वाहन रैली रविवार को धार पहुंचकर समाप्त होगी। यह वाहन रैली जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी।

रैली बदनावर के बड़ी चौपाटी स्थित गोकुलधाम सोसाइटी से शुरू हुई। प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सूर्या ने रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। बदनावर से निकली दो दिवसीय यह वाहन रैली सतत जिले के भ्रमण पर रहेगी।

जिलाध्यक्ष जय सूर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली बदनावर से सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। इसके बाद गंधवानी, कुक्षी, मनावर, धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए रैली कल धार पहुंचेगी। जहां रैली का समापन होगा। इस वाहन रैली में सभी कार्यकर्ता बुलेट गाड़ी लेकर शामिल हुए है। यातायात नियमो को लेकर कार्यकर्ताओं को हेलमेट भी पहनाए गए है। उद्योग मंत्री दत्तीगांव ने वाहन रैली के शुभारंभ अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। युवा ही हमारे देश का भविष्य है। युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ता घर घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए लगातार चलाई जा रही योजनाओं से आज देश के युवा हर क्षेत्र में सक्षम हुए हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं।

जिलाध्यक्ष सोमानी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में भारत ने पूरी दुनिया में अपनी ताकत बढ़ाई है। कश्मीर में धारा 370 हटाने एवं राम मंदिर बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। कांग्रेस के शासन में पड़ोसी देश हमें आंखें दिखाते थे। किंतु मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद में किसी भी देश की हिम्मत नहीं है कि वह भारत की ओर आंख उठाकर देख सके। हमें शासन की हर योजना गांव गांव व घर घर ले जानी है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, पार्षद जितेंद्र शर्मा भी मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अंकित भावसार ने किया। आभार युवा मौर्चे के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरिश झारानी ने माना।

# डेंगू प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया




**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन निर्देशन एवं कलेक्टर कैलाश वानखेड़े के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा माह जुलाई को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। डेंगू निरोधक माह के प्रथम दिवस आज एक जुलाई को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक प्रचार-प्रसार रथ को जन-जागरूकता के लिए रवाना किया गया। रथ को प्रभारी मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर गांवों में भ्रमण के लिए रवाना किया गया। यह रथ विगत वर्षो के डेंगू प्रभावित गाँवो में लोगो को डेंगू, चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरो से बचाव के लिए जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी प्रेमलता डाबी, जिला मिडिया अधिकारी आर.सी.इरवार एवं स्थ नीय कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे ।

विदित हो कि डेंगु एक बुखार है जो डेन नामक वायरस से होता है। ये डेन - 1, डे-2, एडेन- 3, एवं डेन-4 प्रकार का होता है। यह वायरस अक्सर वर्षा ऋतु से सक्रिय रहकर शरद ऋतु एक एडीज मच्छर की सहायता से फैलता है। यह दिन के समय काटती है। डेंगू का फैलाव एडीज नामक संक्रमित मादा मच्छर से होता हैं, यह मच्छर काले रंग का होता हैं एवं सफेद धब्बे होते हैं । जब मादा एडीज मच्छर रोगी व्यक्ति को काटती हैं तो खून से वायरस को ले लेती हैं। ऐसा संक्रमित मच्छर जब किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता हैं तो मनुष्य के शरीर में वायरस प्रवेश कर जाते है। इस प्रकार यह चक्र चलता रहता है। यह मच्छर घरों में साफ पानी से भरे कंटेनर जैसे कूलर, सीमेन्ट की टंकियाँ, अंडर ग्राउण्ड टैंक, बैरल, टायर, लेट्रिन में रखे मटके, बाल्टियाँ, घर कर छतों पर अनुपयोगी सामान, टूटे-फूटे बर्तन, कप, मग, मटके, शीशीयॉ, पॉलीथीन आदि में पानी में पैदा होता है। इसलिये कुलर, सीमेन्ट की टंकिया, मटके आदि को सात दिन में साफ कर सुखाकर उपयोग करें अनावश्यक बरतनों में पानी जमा ना होने दें।

लक्षण -मरीजा को 2 से 7 दिन बुखार आना। सिर दर्द, मांस पेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, आंखो के आसपास दर्द, खसरा के जैसे चकते/दाने छाती और हाथों में, गंभीर अवस्था में नाक, मसूड़ो, पेट/आंख आदि से खून का रिसाव होता है, ऐसे लक्षण पाये जाने पर जिला चिकित्सालय पर जाकर तुरंत खून की जांच करवाकर उपचार लें।

## नेशनल डॉक्टर्स डे तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स डे पर सेमिनार एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।**नगर में संचालित विद्यालय श्री श्रवण गुरुकुल एकेडमी एवं जागृति शिक्षण परिषद द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर छात्र-छात्राओं हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया । नगर के सुप्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट ऋषभ नीमा ने छात्रों से चर्चा कर अकाउंटेंसी की फील्ड में करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की एवं डॉ अभिषेक स्वर्णकार ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 200 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु अपनाई जाने वाली दिनचर्या के संबंध में जानकारी प्रदान की। अवसर पर संस्था संचालक सतपाल सिंह भाटी समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जानकारी अंशुल द्विवेदी द्वारा दी गई।

# कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में 6 करोड़ 43 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम गुणावद में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन, मण्डलम् व सेक्टर कमेटी की बैठक विधायक मुरली मोरवाल की उपस्थिति में रखी गई जिसमें लोहाना, बिसलखेडी, गुणावद, पिठोरा, बिरगोदानाथु, दौतरू, गाजीखेड़ी, पिपलु, नावदा, बड़गारा, खण्डवाबीबी, सतवासा, कुनगारा, सुकलाना, भिड़ावद 3 ग्राम शामिल है कार्यकर्ता सम्मेलन व आमजन उपस्थित थे ।कार्यकर्ताओं ने विधायक मोरवाल का स्वागत ढोल ढमाकों के साथ व साफा बांधकर किया इसी बीच विधायक मोरवाल ने 6 करोड़ 43 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जिसमें ग्राम गुणावद में लौहाना से बिसलखेड़ी पहुच मार्ग लागत राशि 6 करोड़ का लोकार्पण, 5 लाख की लागत से बने सी.सी. रोड़ का लोकार्पण 2 लाख की लागत से बने सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन, ग्राम पिपलु में 30 लाख की लागत से पिपलु पहुच मार्ग का लोकार्पण, 3 लाख की लागत से बने ग्राम आबादी में सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन, ग्राम दोतरू में 3 लाख की लागत से बनने वाले सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन विधायक मोरवाल ने किया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं ने नारी सम्मान योजना के फार्म भरे व योजना से जुड़ी जानकारी दी।इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष होशियार सिंह राजावत, ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, एडवोकेट मथुरा लाल यादव, महेश विजयवर्गीय, मनोहरलाल शर्मा, जनपद सदस्य नरेन्द्रसिंह धतुरिया, पूर्व जनपद सदस्य पदमसिंह माथुर, विधायक प्रतिनिधि नारायण सिंह राठोर, मण्डलम अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह पटेल, जीवन पटेल, लक्ष्मीनारायण यादव, सरदारसिंह पटेल, सोदान पटेल, इन्दरसिंह पटेल, प्रहालद जाट, हिरासिंह सोलंकी, कल्याणसिंह, लक्ष्मीनारायण जाट, भेरूलाल जाट, सुरेष पटेल, कन्हेयालाल मकवाना, सरपंच मनोज मालवीय, अर्जुन पटेल, डॉ.नवलसिंह ठाकुर, गोपाल पटेल, अखिलेश मुकाती, सुनील यादव, चंदा बासाब, आदि उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने किया उक्त जानकारी मण्डलम् अध्यक्ष सुरेन्द्र पटेल ने दी।

## महावीर इंटरनेशनल के 49वें स्थापना दिवस पर नरसिंह घाट पर किया पोधारोपण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महावीर इंटरनेशनल के 49वें स्थापना दिवस को पूरे देश के 350 केंद्रों द्वारा 1 जुलाई से 10 जुलाई तक पूरे सप्ताह को हरित क्रांति सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उज्जैन केंद्र द्वारा पुण्यसलिला मां शिप्रा के तट पर स्थित नरसिंह घाट को गुलिस्तान बनाने व ग्रीन घाट बनाने के लिए तथा अगली पीढ़ी को शुद्ध हवा मिल सके की जिम्मेदारी एवं दायित्व समझते हुवे, आज जोरदार बारिश के बीच उज्जैन नगर निगम उद्यानिका विभाग के सहयोग से नीम, आम, मोरसली करंज, पीपल, गुड़हल, मोगरा के 49 पौधे लगाए। इस अवसर पर रमणलाल सोनी परिवार की ओर से स्वप्रेरणा लेकर 6 ट्री गार्ड दिए गए जो पौधो पर लगाए जायेंगे।

# सम्पर्क से महाजन समर्थन अभियान के पत्रक वितरण



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सम्पर्क से महाजन समर्थन अभियान के तहत आज बड़नगर विधानसभा क्षेत्र 218 के अन्तर्गत बड़नगर नगर पालिका क्षेत्र में लगातार घर-घर जनसंपर्क से जनसमर्थन अभियान के तहत मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं नीतियों की जानकारी तथा 9 साल सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियों एवं ऐतिहासिक कार्यों के पत्र भाजपा के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पर जाकर वितरण कर भाजपा सरकार की नीतियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर बहादुर सिंह बोरमुंडला जिलाध्यक्ष भाजपा उज्जैन,अभय टोंग्या अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ,सोहन सिंह गुर्जर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष बड़नगर,श्याम शर्मा अध्यक्ष भाजपा, जे पी त्रिवेदी जिला मंत्री भाजपा कामिनी कौशल ने चर्चा कर लोगों को जनसंपर्क से जन समर्थन अभियान से जुड़ने के लिए 9090902024 पर मिस कॉल करवा कर मोदी जी से सीधे जुड़ने और अपना विश्वास और आशीर्वाद मोदी सरकार पर बनाए रखने का आग्रह किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष शक्ति केंद्र क्रमांक 1 बैठक आयोजित



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में 7 दिन के लिए विस्तारक के रूप में अरुणाचल प्रदेश से पधारे चामत लोग जी व आचि मेटो जी ने बैठक में आगे के कार्य योजना के बारे में चर्चा की बैठक में उपस्थित शक्ति केंद्र के प्रभारी राहुल राठौर सह प्रभारी अंकित दवे योजनाओं के जानकार हरिकिशन मेलवानी मीडिया प्रमुख नितिन त्रिवेदी पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पीरुलाल खींची पार्षद प्रतिनिधि बहादुर बादशाह बूथ अध्यक्ष कार्तिक विजयवर्गीय बूथ अध्यक्ष अमित जोशी बूथ अध्यक्ष अशोक राठौड़ जी मोनू परिहार लखन राठौर जी कपिल सरसोदिया सूरज मनीष बादशाह विनय मनोज केवट उपस्थित

# डॉ. व सी ए डे पर किया सम्मान



**नागदा /दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान के बाद अगर बिमारी मे याद किया जाता है तो वह है डाक्टर इसलीये डाक्टर को भगवान का दुसरा रूप माना जाता है आज इसी अवसर डाक्टर दिवस है नगर के कई डाक्टरो का इनकी अच्छी सेवा देने हेतु कई समाजिक सस्थाओ द्वारा सम्मान कर इनके द्वारा अच्छी सेवा देने हेतु शुभकामनाए दी साथ ही आज दुसरी और सी ए का भी दिन है इनको भी शुभकामनाए दी इस अवसर राजेश सकलेचा,अमित बम,शरद जेन,मनीष चपलोत,मनीष भडारी उपस्थित थे ।

# तुलसी के बीजों का वितरण



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में संचालित विद्यालय श्री श्रवण गुरुकुल एकेडमी एवं जागृति शिक्षण परिषद द्वारा तुलसी के बीजो का वितरण किया गया 7 इस अवसर पर छात्रो को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी भी दी गयी तथा प्रतिवर्ष एक पेड़ लगाने हेतु प्रेरित भी किया गया इस अवसर पर संस्था संचालक सतपाल सिंह भाटी समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

# आयुष्मान कार्ड योजना कई लोगों के लिए जीवनदान बनी हैः दत्तीगांव

**नगर परिषद द्वारा समारोहपूर्वक बांटे गए आयुष्मान कार्ड**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां नगर परिषद कार्यालय प्रांगण में शनिवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री व विधायक राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने की। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, नगर भाजपा अध्यक्ष अक्षय शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रजेंद्र भट्ट, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सुनीता परमार आदि विशेष अतिथि रूप में मंचासीन थे।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, सीएमओ मनोज कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पवार, पार्षद भारती राठौड़, अनिता चौहान, झन्नूबाई सिर्वी, भगवंताबाई राव, सुखराम देवदा, बबिता नागल, सीबीएमओ एसएल मुजाल्दे आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। नप अध्यक्ष मीना यादव ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दत्तीगांव ने कहा कि प्रधानमंत्री की आयुष्मान कार्ड योजना कई बीमार लोगों के लिए जीवनदान बनी है। पहले के दौर में अगर कोई बीमार हो जाता तो इलाज के लिए पैसे के अभाव में भटकता रहता था। किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड बनाकर ऐसे लोगों के जीवन में रोशनी लाने का काम किया है। 5 लाख तक का इलाज अब मुफ्त में सरकार करवाएगी। इलाज का पैसा अस्पतालों में सरकार देगी। दत्तीगांव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नेक नीयत व ईमानदारी के साथ जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग देने के उद्देश्य से कल्याणकारी जनहितकारी योजनाओं को मूर्तरूप दे रहे हैं। यह आयुष्मान कार्ड योजना भी जनसेवा को समर्पित है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सोमानी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए योजना बनाकर काम किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी सेवा ही संकल्प और सबका साथ सबका विकास के भाव को लेकर देश में काम कर रहे हैं। भारत दुनिया में शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। सोमानी ने कहा कि जिन लोगों ने आयुष्मान कार्ड नही बनवाया वे अपना कार्ड जरूर बनवाए।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम को यहां बड़ी एलईडी के माध्यम से सुना व देखा गया। नगर परिषद द्वारा शहर के कुल 10 वार्डो के लिए 2115 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। बाकी 5 वार्डो के कार्ड आना बाकी है। कार्यक्रम में 100 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष जहांगीरलाला, सरपंच संघ अध्यक्ष सुंदरलाल जाट, सन्तोष चौहान, संतोष राव, चेतन नागल, भेरूलाल डावर, पंकज ठाकुर, विजयसिंह पंवार, शोएब कुरेशी, मितेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सोलंकी ने किया। आभार सीएमओ मनोज कुमार मौर्य ने माना।

## सार समाचार

# नारी सम्मान योजना से कमलनाथ के हाथ होंगे मजबूत जोर-शोर से भर रही हैं महिलाएं नारी सम्मान योजना के फार्म

**अब तक आलोट ब्लॉक में 5100 से अधिक भरे जा चुके हैं फार्म**



**आलोट /राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक मनोज चावला के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,शहर कांग्रेस,युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस,सेवादल एन एस यू आई,के समस्त साथियों द्वारा आलोट विधानसभा क्षेत्र में हर्षोल्लास के संग आलोट ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह परिहार,शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव निगम द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 3500 व शहरी क्षेत्र में 1600 से अधिक सम्मान पत्र भरे जा चुके हैं सम्मान पत्र भरने का कार्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निरंतर तेजी से चल रहा है। हितग्राहियों द्वारा हर्षोल्लास के संग भरे जा रहे हैं सम्मान पत्र। ज्ञात रहे कि एक माह पहले महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना पुरोहित व महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन श्रोत्रिय द्वारा इस योजना का शुभारंभ किया था जिसके बाद से ही इस कार्य में शहरी क्षेत्र में पार्षद अमित चौधरी,नागेश खारोल, गोवर्धन रागीं,कालुराम चौहान,गिरधारी शर्मा,मुकेश माली, फिरोज भाई,महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजु भाटी,युथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अशोक पांचाल, धिरेन्द्र सिंह निगम,महेश निगम, प्रकाश जांगलावा,दीपक झंडी,योगेश जांगीड़,मानस चावला,अनुपम अरोड़ा, एन एस यु आई के महिपाल सिंह सोलंकी, कृपांस चौधरी,ध्रुवराज सोलंकी सहीत ग्रामीण क्षेत्र से जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार, कैलाश परमार, ईश्वर सोलंकी,जनपद सदस्य,जगदीश पाटीदार, रणजीत सिंह पंवार, आदी सदस्यों द्वारा सम्मान पत्र भरे जा रहे हैं।घर-घर हर घर दस्तक दे रहे हैं कांग्रेस के पदाधिकारी नारी सम्मान योजना के लाभ से कोई ना रहे वंचित। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस के मिडिया प्रभारी योगेश निगम द्वारा दी गई।

# डॉक्टर्स डे पर महिदपुर के चिकित्सकों का किया सम्मान



**महिदपुर/यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानव सेवा में निरंतर सेवारत इंसानों को मौत के मुंह से निकालकर जिंदगी देने वाले डॉक्टर्स को भगवान का रूप माना जाता है जिस तरह से आधुनिक परंपरा अनुसार मदर्स डे ,फादर्स डे महिला दिवस चाइल्डस डे का चलन भारत ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर मनाने की परंपरा चल रही है द्यउसी प्रकार से विश्व स्तर पर 1 जुलाई को प्रतिवर्ष डॉक्टर्स डे भी मनाने की परंपरा चल रही है जिसके कारण डॉक्टर्स भी प्रोत्साहित हो उन्हे इस दिवस पर अपने स्वयं को डॉक्टर्स होने का अहसास हो,इसी श्रंखला में 1 जुलाई 2023 को महिदपुर के पैथोलॉजी संचालकों ने भी डॉक्टर्स डे मनाया है चिकित्सा दिवस के अवसर पर पैथालॉजी के कर्मचारियों द्वारा शाशकिय चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी डॉ महेश सिंह रामपुरे डॉ विजय मांडोरिया डॉ शिवानी पंवार एवं चिकित्सालय के अन्य चिकित्सकों का सम्मान पुष्पमाला पहना कर किया गया।साथ ही नगर की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ममता सिंह रामपुरे का भी सम्मान पैथालॉजी कर्मियों द्वारा रामपुरे नर्सिंग होम पर पहुंच कर किया गया।ईस अवसर पर शाशकिय चिकित्सालय के लैब टेक्नीशियन आरिफ हुसैन मोहित पाटिदार शामी एहमद खान एवं नगर के अन्य पैथालॉजी के सदस्य सतीश असावरा सचिन असावरा अशफाक नागोरी अल्ताफ हुसैन मुबीन एहमद आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत जवास्या ग्राम सिलोदिया में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड का वितरण



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नरेन्द्र मोदी सरकार 5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया,उक्त विचार शिवरामसिंह रघुवंशी ने व्यक्त किये।

ग्राम पंचायत जवास्या ग्राम सिलोदिया में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड का वितरण देवनारायन मन्दिर पर 80 से अधिक हितग्राहियों को जनपद सदस्य प्रतिनिधि अशोक पटेल पूर्व जिलामहा मन्त्री शिवरामसिंह रघुवंशी सरपँच होकमसिंह सोलंकी,सचिव स सचिव गोपाल उपाध्याय,तेजसिंह पटेल, रितेश ओसारी,रामसिंह ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा शसन निर्देशानुसा निकाय द्वारा सामुदायिक भवन मे आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजनान्तर्गत जिला शहडोल मे प्रधानमंत्री के कर कमलो से आयुष्मान कार्ड वितरण एवं सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन 2047 का शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दोरान आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को अध्यक्ष अभय टोंग्या की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष अनिता सतीष वर्मा द्वारा पीवीसी कार्ड वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम मे कान्हसिंह राठौर, अरूणाचल प्रदेश से पधारी भारतीय जनता पार्टी की विस्तारक बहने आचि मंटो, चामत लोवांग, शतिलाल गोखरू, अजय दौराया, रितेश जैन चांदीवाला, लालबहादुर बादशाह, राजेश परमार, मुकेश मोरवाल, सतीष वर्मा, मागीलाल हारोड, राजकुमारी निम्बोला, कामिनी कौशल, महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाडी कार्यकर्ताएं, आषा कार्यकर्ता सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उपयंत्री, नगर पालिका परिषद के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मंडी की स्मृति बैंक के बाहर 20 लाख लूटने की कोशिश करने वाले दो बदमाश पकड़ाए, एक फरार

**वेब सिरीज के प्रभाव में चमक दमक वाली जिंदगी जीने के लिये और अय्याशी करने के लिये किया था लूट का प्रयास >> दुकानदार दिल्ली से लाया था शर्ट, वही शर्ट आरोपी ने खरीदी थी, दुकानदार ने कहा एक ही शर्ट मैंने बेची**





**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी के पास स्थित स्मृति बैंक के बाहर 20 लाख रूपए लूट की घटना कारित करने की कोशिश करने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। मामले में दो बदमाश पकड़ाए हैं, जिनके कब्जे से लूटी रकम बरामद की गई है। आरोपियों के साथ एक और बदमाश है, जो लूटकांड का मास्टर माइंड है। बदमाशों ने व्यापारी की आंखो में मिर्ची डालकर रुपये से भरा बेग छीनने का प्रयास किया था। बता दें कि एक बदमाश ने एक दुकान से शर्ट खरीदी थी। दुकानदार उस शर्ट को दिल्ली से लाया था और एक मात्र ऐसी शर्ट उसने एक ही युवक को बेची थी। घटना के समय बदमाश ने पहने शर्ट से मैच होने पर शंका गहरी होती गई थी। लेकिन, बदमाशों को दबोचने में असली कामयाबी कोतवाली के एक आरक्षक नरेन्द्र बना को मिली है, जिसने गाड़ी आदि को पहचानने में नजर तेज रखी। नरेन्द्र के साथ अर्जुनसिंह एवं आरक्षक मोहित भी थे। जिनके सहारे यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के मंडी क्षेत्र में बैंक के बाहर हुई लूटकांड कोशिश का खुलासा हो सका है।

पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि कृषि मण्डी व्यापारी अरविंद पिता सुजानमल बोथरा 58 साल निवासी सांकेत नगर मंदसौर के साथ वारदात हुई थी। आसपास के क्षेत्र शहर के आगम व निर्गम पर फोकस करते हुए सभी सीसीटीवी कैमरो के फुटेज चेक किये गए। जिस पर करीबन 100 कैमरो के फुटेज चेक किये गये। घटना स्थल के आसपास के दुकानदारों चाय नाश्ते की दुकान पर की गई पूछताछ के आधार पर आरोपियों की तलाश लगातार जारी थी। इस दौरान मालूम हुआ कि इस तरह के एक लड़के 500 क्वार्टर के आसपास देखे गए हैं जो 500 क्वार्टर के आसपास रहने वाले पूर्व आरोपियों और किरायेदारों के संबंध में तस्दीक की गई लोगों को फोटोग्राफ्स दिखाये गये। जिसमें ज्ञात हुआ कि एक कमरा लेकर कुछ लडके किराए पर रहते हैं, जहां लोगों का आवागमन बना रहता है। उस बिंदु पर विस्तार से जांच की गयी तो मानपुरा निवासी सौरभ शुक्ला तथा पिपरिया निवासी पंकज सिंह का घटना में संदिग्ध होना ज्ञात हुआ। दोनों को पकड़कर पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने अपना पूरा नाम सौरभ पिता लोकेश शुक्ला उम्र 19 वर्ष निवासी भुवनेस्वरी माताजी के मंदिर के पीछे मानपुरा थाना सीतामऊ जो एमआईटी में बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी, 2 एंड ईयर में अध्ययनरत है। आरोपी पंकज सिंह पिता दशरथ सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम खंखरई थाना पिपलिया मंडी जो एमआईटी में बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी 2 एंड ईयर में अध्ययनरत होना बताया। उन्होंने बताया कि सेदरामाता थाना सीतामउ निवासी ललित पिता सुरेश राठौर जो जिसके पिता सीतामउ मण्डी में काम करते है, ललित का भी मण्डी आना-जाना लगा रहता है। उसने व्यापारियो को बडी रकम के साथ आते-जाते देख रखा था। वेब सिरीज में लकदक जीवन शैली से प्रभावित होकर गाडी खरीदने, घूमने फिरने ओर महंगे कपडे, मोबाईल लेकर ऐश का जीवन जीने की चाह रखते थे।

## वेब सीरिज फर्जी से थे प्रभावित, फिर बनाई लूट की योजना

आरोपीगण शाहिद कपूर की वेब सीरीज फर्जी से प्रभावित थे ओर लेविश लाईफजीने के लिये तीनो ने लूट की करने की योजना बनाई थी। ललित ने घटना स्थल की रेकी की थी और टारगेट आईडेंटिफाई किया था। आरोपीगण फीस जमा करने कृषि मण्डी के पास स्मृति बेंक आते- जाते रहते थे इसी दौरान उन्होने देखा कि यहा व्यापारी बडी रकम लाते ले जाते है। घटना को अंजाम देने के पहले दो-तीन दिन बेंक आना जाना कर रेकी की ओर ललित राठोर ने बेंक मे जाकर देखा था कि व्यापारी पैसा निकालने आया है तब तक आगे की चाय की दूकान पर पंकज और सौरभ मोटरसाईकिल से उसका इंतजार कर रहे थे जहा ललीत ने जाकर ईशारे से बताया कि व्यापारी अकेला है तथा उसकी मोटरसाईकिल ईशारे से बतायी की जैसे ही व्यापारी आयेगा उसे टारगेट करना है। पंकज सिंह जाकर बैंक के पास आड में खडा हो गया तथा जैसे ही व्यापारी बाहर आकर मोटरसाईकिल पर रुपयो से भरा बेग टांगने लगा तभी पंकज ने अपने घर से लायी लाल मिर्ची उसकी आंखो मे झोंक दी ओर बेग छिनने का प्रयास किया। व्यापारी द्वारा चिल्लाने पर वह डरकर भागा और चाय की दूकान के पास खडे सौरभ शुक्ला के साथ मोटरसाईकिल से भाग गया। पूछताछ पर पंकज ने बताया कि उसकी 10 बीघा की पेतृक खेती है तथा सौरभ की 04 बीघा की पेतृक खेती होने के बावजूद अय्याशी करने के उद्देश्य से उक्त घटना को अंजाम देना चाहा।

## विद्यार्थियों से बसों में वसूला जा रहा अधिक किराया, अभाविप ने दिया ज्ञापन



**मंदसौर/दलौदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा तहसीलदार दलौदा को ज्ञापन देकर बसों के किराये में अनियमित वृद्धि को रोकने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में विद्यालय/ महाविद्यालय का नवीन सत्र प्रारम्भ हुआ जिसके कारण छात्रों में उत्साह का वातावरण है। दलौदा में आसपास के अनेक गांवों से विद्यार्थी प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते है। वे आवागमन हेतु सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते है लेकिन बस ऑपरेटरों द्वारा लगातार विद्यार्थियों से अधिक किराया वसूल किया जाता, जिससे उनके उपर एक आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। अभाविप ने मांग की कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले विद्यार्थियों को बस किराए में छूट दी जाये या उनसे न्यूनतम किराया वसूल किया जावे। ज्ञापन का वाचन नगर मंत्री तरुण पाटीदार ने किया। ज्ञापन देते समय अ.भा.वि.प. के जिला संयोजक विजय गर्ग, नगर मंत्री तरुण पाटीदार, परिसर अध्यक्ष अजय मकवाना, परिसर मंत्री सन्दीप शर्मा, वैभव सिंह सिसोदिया, राजपाल मजेसरा शुभम मालवीय, हेमा माली, विपिन परासा, विनय जाधव, शानू डांगी, सुमन कुंवर, धर्मेंद्र रायकवार, मुकेश मीणा आदि अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निर्विकार रातड़िया ने मंदसौर विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी पेश की



**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मप्र विधानसभा चुनाव पर्यवेक्षक अर्जुनसिंह मोरवाड़िया एवं कांग्रेस जिला प्रभारी अर्चना जायसवाल के मंदसौर प्रवास के दौरान मंदसौर जिला उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष निर्विकार रातड़िया ने मंदसौर जिले की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की और मंदसौर विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी भी पेश की। रातड़िया लगभग 30 वर्ष से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय है तथा पूर्व में जिला कांग्रेस के महामंत्री भी रहे है तथा इनका पूरा परिवार कांग्रेस की विचारधारा के साथ मजबूती से खड़ा रहा है।

## डॉ. प्रेरणा ठाकरे को इस वर्ष का स्वर्णाक्षर सम्मान

**केरला स्टोरी के लेखक के आतिथ्य में शनिवार इंदौर में आयोजित समारोह**



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कवि सम्मेलन शताब्दी वर्ष के निमित्त मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा हिन्दी कवि सम्मेलन परम्परा के महनीय हस्ताक्षरों को स्वर्णाक्षर सम्मान प्रदान किया जाता है। इस श्रृंखला में नीमच की ख्यात कवयित्री डॉ. प्रेरणा ठाकरे को इस बार का स्वर्णाक्षर सम्मान प्रदान किया जा रहा है। मातृभाषा उन्नयन संस्थान और डॉ. कुंवर बैचेन स्मृति न्यास ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वावधान में आज 1 जुलाई शनिवार को शाम 4 बजे इन्दौर प्रेस क्लब के सभागार में यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केरला स्टोरी के लेखक सूर्यपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि इन्दौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मोयरा समूह के निदेशक संदीप जैन, मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' मौजूद रहेंगे।

ज्ञात हो कि वर्ष 2020 से आरम्भ स्वर्णाक्षर सम्मान से अब तक शीर्ष रचनाधर्मी सर्वश्री संतोष आनन्द दिल्ली, सत्यनारायण सत्तन इन्दौर, ओमपाल सिंह नीडर फ़िरोज़ाबाद, शशिकान्त यादव देवास, हेमंत श्रीमाल उज्जैन, प्रकाश पटेरिया छतरपुर व दिनेश दिग्गज उज्जैन सम्मानित हो चुके हैं। इसी कड़ी में नीमच निवासी लेखिका डॉ. प्रेरणा ठाकरे को यह सम्मान दिया जा रहा है। डॉ ठाकरे देश की ख्यातनाम कवयित्री है, जो हज़ारों कवि सम्मेलनों में कविता पाठ करके नीमच का गौरव बढ़ाती रही हैं। देश के शीर्षस्थ कवियों में उनका नाम शुमार है। डॉ प्रेरणा की अब तक काव्य, गद्य और उपन्यास स्वरूप में 6 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## मल्हारगढ़ व मंदसौर विधानसभा के दावेदार कसम खाएं कि किसी को भी टिकिट मिले हम कांग्रेस पार्टी को जिताएंगे-मोडवाडिया



**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा ने चोरी से प्रदेश में सरकार बनाई है। अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस की सरकार बने। कर्नाटक में इसका उदाहरण वहां कि जनता ने भाजपा को हरा कर दिया है। आज वहा कांग्रेस की सरकार है यह निष्ठावान कार्यकर्ता व संगठन के पदाधिकारियों की ईमानदारी से किये गये कार्य के कारण हो पाया है। उक्त विचार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा प्रभारी अर्जुन मोडवाडिया ने कही। वे शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में मल्हारगढ व सुवासरा विधान सभा के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यक्रताओं के समक्ष रखे बोल रहे थे। मोडवाडिया ने कहा कि दोनों विधानसभा के दावेदार कसम खाएं कि किसी को भी टिकीट मिले हम कांग्रेस पार्टी को जितायेगें। जिला प्रभारी अर्चना जायसवाल ने कहा कि अभी प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहोल है। कार्यकर्ता व पदाधिकारी कांग्रेस को जिताने में जुड जाये। हर कार्यकर्ता कांग्रेस द्वारा घोषित 5 वादो को ज्यादा से ज्यादा जनता के बीच प्रचार प्रसार करे। इस अवसर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपीन जैन ने उपस्थित मल्हारगढ व सुवासरा विधान सभा के कार्यकर्ताओं को से आव्हान किया कि सबसे पहले अपने बुथ को मजबूत कर कमलनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाये। यह तभी संभव होगा जब हम सब एक होकर पार्टी का ईमानदारी से कार्य करेंगे। संचालन जिला संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी ने किया। दोनों प्रभारियों ने मल्हारगढ व सुवासरा विधान सभा के सेक्टर मंडलम, ब्लाक व जिला पदाधिकारियों, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष व वरिष्ठ जनों से वन टू वन चर्चा करी व कही विधान सभा दावेदारों से उनके बायोडाटा लिये। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारिगण, मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष महिलाएं इस अवसर पर मौजूद रहे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने दी।

## प्राथमिक विभाग नूतन में किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय नूतन में नवप्रवेशी छात्रों का पुष्पहार एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। 1 जुलाई को शाला में प्रथम दिन 10 छात्रों ने प्रवेश लिया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिला शिक्षा केन्द्र से एपीसी रामलाल लोदवार ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही परिवार, समाज व देश को उन्नति की ओर ले जा सकता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे का शिक्षित होना आवश्यक है। आपने बच्चों को नियमित स्कूल आने व अनुशासन में रहने की बात कही। इस अवसर पर बीआरसी विनोद शर्मा, बीएसी पंकज गेहलोद उपस्थित थे। शाला स्टॉफअनिता डोसी, आशा मेहता, संजीवनी शिन्दे एवं किरण पाटील उपस्थित रहे।

## महिला समेत दो तस्कर गिफ्तारः बाइक पर तीन कट्टों में 54 किलो डोडाचूरा की डिलीवरी देने जा रहे थे




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दलौदा थाना पुलिस ने महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 54 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया है। इसकी कीमत एक लाख 8 हजार रुपए बताई गई है।

दलौदा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महू नीमच फोरलेन हाईवे पर बाइक सवार महिला पुरुष अवैध रूप से डोडाचूरा की तस्करी कर डिलीवरी देने जाने वाले है।

मामले में दलौदा पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव नीमच हाईवे फतेहगढ़ के निकट नाकाबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर बाइक डच14 ।1594 को रोककर दोनों पकड़ा। बाइक सवार ने गोल्डी उर्फ बिट्टू पिता रूपचंद प्रधानी सिंधी और माला पति शेरू कुरैशी निवासी अंबिका नगर दलौदा नाम बताया। इनके पास से प्लास्टिक के तीन कट्टों में भरा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया गया।

आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वे डोडाचूरा सोनल पिता रूपचंद प्रधानी और राजेन्द्र उर्फ कालू निवासी सोनी कॉलोनी दलौदा से लेकर आए थे। तीसरा आरोपी सोनल मुख्य आरोपी गोल्डी का भाई है। पुलिस ने सोनल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा को सोनगरी निवासी सादिक उर्फ भय्यू को डिलीवरी देना थी, इससे पहले वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने सभी 5 आरोपियों खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में आरोपी राजेंद्र उर्फ कालू और सादिक उर्फ भय्यू फरार है।

## जावद वन विभाग की बडी कार्यवाही, जंगल से लकड़ियों की चोरी कर ले जाते हुए रंगे हाथो पकडा

**खैर की लकड़ियों से भरा एक ट्रेक्टर किया जप्त**



**सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वन विभाग के आला अधिकारियों को बहुत समय से सूचना मिल रही थी। कि क्षेत्र के जंगलों से अवैध रूप से लकड़ीयो को काट कर चोरी कर ले जाया जा रहा है। जिसे काफी समय से योजना बना कर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। शुक्रवार की मध्यरात्रि में वन विभाग की टीम को खैर की लकड़ियों से भरे एक ट्रैक्टर को पकड़ने में बडी सफलता मिली।जिसमे जंगल से अवैध रूप से लकड़ियों को काट कर तस्करी करने वालों के विरुद्ध अंकुश लग सकेगा। विस्तृत जानकारी के अनुसार जिला वन मंडलाधिकारी के निर्देशन मे विपुल प्रभात वन परिक्षेत्र अधिकारी जावद के दिशा निर्देश व कुशल मार्गदर्शन मे अमरचंद सोलंकी डिप्टी रेंजर जाट,भंवरलाल धनगर वन रक्षक, विष्णु रावत वन रक्षक, लालुराम भील व जमनालाल सुरक्षा श्रमिक,वाहन चालक राहुल सोनी सहित वन विभाग जावद की सयुंक्त टीम के द्वारा उक्त कार्यवाही की गई।जिसमे रात्रि गश्त के दौरान काकरिया तलाई के पास जगपुर के जंगलों मे अवैध रूप से खैर की लकड़ियों को काट कर परिवहन कर ले जाते हुए पाए जाने पर 1 महिन्द्रा ट्रैक्टर क्रं. आर.जे.-08, आर.- 2351 ट्राली सहित जप्त की। जिसमे खैर लकडी नग 15, 0.731 घन मीटर जप्त की गई। जिसकी अनुमानित किमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई है।

**इनका कहना है -**

वन परिक्षेत्र मे वन सम्पदा को नुकसान पहुंचा कर अवैध रूप से लकड़ीयो की चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही निरंतर आगे भी जारी रहेगी। - विपुल प्रभात वन परिक्षेत्र अधिकारी जावद।

## प्रताड़ना के तंग आकर की थी महिला ने आत्महत्याः पति पर उकसाने का मामला दर्ज

**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुवासरा बंजारा मोहल्ला में 25 जून को माया बाई पति राजू बंजारा (27) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में सुवासरा थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों, पड़ोसियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पता चला कि 5 साल पहले महिला राजू बाई का नातरा सुवासरा नई आबादी निवासी राजू बंजारा से किया था। पति राजू शराब का आदी था। शुरुआत में सब ठीक रहा लेकिन कुछ दिन बाद पति राजू बंजारा मारपीट करने लगा। रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर माया बाई अपने मायके रहने चली जाती थी। दो बेटियां कनक और अनुष्का है।शराबी पति राजू एक बेटी एक रिश्ता तय करना चाहता था लेकिन माया इसके लिए तैयार नहीं थी। इसके बाद पति-पत्नी में झगड़ा हुआ और राजू बंजारा ने पत्नी माया बाई की पिटाई कर कर दी। तब से माया आपने मायके रह रही थी। घटना के दिन पति राजू समझौता करने पत्नी को लेने पहुंचा था। लेकिन मृतका में परिजनों में दामाद को शराब छोड़ने और पत्नी को अच्छे से रखने की शर्त रख दी। शराब छोड़ने की बात पर राजू ने मायके वालों के साथ की मारपीट की थी। पति की प्रताड़ना से तंग आकर राजू बाई ने 25 जून को अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस की जांच के बाद पति राजू बंजारा को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा 306 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## बलात्कार का झूठा केस दर्ज करने का आरोप : पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पंजाबी समाजजनों ने देर रात थाने का किया घेराव

**नीमच । (सतीश सैन) /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मनासा पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पंजाबी समाज के लोगों ने शुक्रवार देर रात थाने का घेराव किया। घेराव के दौरान बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के लोग थाने पहुंचे। जिन्होंने भीलवाड़ा की महिला द्वारा समाज के कैलाश दुआ पर लगाए गए बलात्कार के आरोपों को गलत बताया। पंजाबी समाज के लोगों ने मीडिया को दिए गए बयान में बताया कि मनासा पुलिस ने मामले में एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए कैलाश दुआ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

समाजनों ने बताया कि पुलिस ने कैलाश दुआ को जब गुरुवार को ही गिरफ्तार कर लिया था तो पीड़ित महिला का गुरुवार को ही मेडिकल क्यों नहीं करवाया गया। पुलिस ने महिला के न्यायालय में बयान होने के बाद क्यों मेडिकल करवाया। समाजनों ने बताया कि उक्त महिला का एक गिरोह है जो भीलवाड़ा से मनासा कपड़े खरीदने आता है जिसके साथ दो महिलाएं और रहती हैं इस पूरे गिरोह ने मिलकर मनासा के व्यापारी से पैसे ऐंठने के चक्कर में सारा खेल रचा लेकिन महिलाएं इस खेल में कामयाब नहीं हो पाई।

इसके बाद तो उन्होंने व्यापारी के खिलाफ झूठी कार्रवाई करवा दी यदि महिला के साथ बलात्कार होता तो वो चिल्लाती, चिल्लाने की आवाज आसपास वाले दुकानदारों एवं बाजार से निकलने वाले राहगीरों को सुनाई देती लेकिन ऐसा कुछ हुआ ही नहीं है। इन महिलाओं द्वारा हनीट्रेप जैसा पूरा खेल रचा गया।

महिला के साथ में आया व्यक्ति गुरुवार को बता रहा था कि मैं वकील हूं लेकिन आज उसने कहा कि मैं वकील नहीं हूं,, जब हमने मामले में उक्त व्यक्ति की भीलवाडा में पहचान करवाई तो, पता चला कि जो व्यक्ति महिला के साथ वकील बनकर आया था वो एक नंबर का बदमाश एवं आवारा प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

समाजजनों ने मांग की है कि पुलिस महिला के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज करें, साथ ही पुलिस ने महिला का मेडिकल करवाए बिना ही कैलाश दुआ के प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है उसकी निष्पक्ष जांच की जाए।इस मामले में समाज के विरोध के चलते पुलिस ने देर रात महिला और उसके साथियों के ऊपर भी ब्लैकमेलिंग के मामले में धारा 384 में प्रकरण पंजी बद्ध कर लिया है।

### विधायक बोले बीच बाजार ये घटना सम्भव नहीं

मनासा विधायक मारू ने कहा कि घटना को देखते हुए तो ऐसा नहीं लगता कि बीच बाजार यह घटना सम्भव है। महिला के साथ बाजार में बलात्कार की घटना होना और आसपास के दुकानदारों को कोई भी जानकारी नहीं होना, किसी भी प्रकार के चिल्लाने की आवाज ना सम्भव नहीं है। निश्चित रूप से कहीं ना कहीं बड़ी गड़बड़ है इस घटना में पुलिस की कार्रवाई जल्दबाजी में की है। पुलिस को प्रकरण दर्ज करने से पहले जांच करने थी। उसके बाद ही व्यापारी के ऊपर प्रकरण दर्ज करना था।

## मनासा बलात्कार मामला,पंजाबी समाज और नगर के वरिष्ठजन पहुंचे थाने, मामले को बताया हनीट्रैप, पुलिस पर लगाए आरोप


**नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेरल्ड।** मनासा थाने पर गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी पीड़ित महिला ने कैलाश दुआ के खिलाफ छेड़छाड़ और बलात्कार का मामला दर्ज करवाया था। मामले में शुक्रवार को देर रात साढ़े 8 बजे करीब बड़ी सँख्या में पंजाबी समाज के व नगर के वरिष्ठगण मनासा थाना पहुंचे और गिरफ्तारी को लेकर विरोध किया। समाजजन और परिजनों ने बताया कि ये हनीट्रैप का मामला है। महिला ने जानबूझकर झूठे केस में फंसाया है। केस वापस लेने के लिए 11 लाख मांगे है। वहीं समाजजन ने बताया कि पुलिस ने बिना किसी जांच के महिला के कहने मात्र से रिपोट दर्ज कर ली। इसको लेकर विरोध करते हुए समाजजनों ने आक्रोश जताया।मामले को लेकर बहुत समय तक पुलिस व समाजजन के बीच बहस बाजी चलती रही।

## सम्पादकीय

# क्यों धधक रहा है फ्रांस

आधुनिक दुनिया में विकसित राष्ट्र क्रांति के गवाह, स्वतंत्रता, समानता जैसे महत्वपूर्ण अधिकारों को आम लोगों को दिलाने वाला फ्रांस पिछले दो दिन से हिंसा की आग में धधक रहा है। फ्रांस की सड़कों पर युद्ध जैसे हालात हैं। फ्रांस में 17 साल के मुस्लिम किशोर की पुलिस की गोली से मौत हो जाने के बाद पूरे देश में हिंसा फैल गई है। उसका कसूर यह था कि ट्रैफिक पुलिस ने उसे रुकने का आदेश दिया था, लेकिन उसने अपनी गाड़ी नहीं रोकी। इस पर एक पुलिस अधिकारी ने उसे नजदीक से गोली मार दी। मृतक किशोर नाहेल की मां के आह्वान पर हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद हिंसा भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों ने देशभर के स्कूलों, टाऊन हाल और पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाया। अलग-अलग शहरों में आगजनी की घटनाएं हुई जिसमें कई वाहन और सरकारी इमारतें नष्ट हो गई। हालांकि पुलिस ने आरोपी अफसर को हिरासत में ले लिया है और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस घटना की निंदा करते हुए शूट आउट?को अक्षम्य बताया और कहा किसी भी एक युवा की मौत को सही नहीं ठहराया जा सकता। पुलिस यूनियन ने राष्ट्रपति के बयान का विरोध किया है और कहा है कि किशोर पुलिस वालों को निशाना बनाने के लिए ही तेज गति से वाहन चला रहा था।फ्रांस में हो रही हिंसा भारी-भरकम पुलिस बल की तैनाती के बावजूद भी नहीं रुक रही। इसका अर्थ यही है कि फ्रांस के लोग मानवाधिकारों को लेकर कितने सजग हैं। विदेशों में भी मानवाधिकारों के लिए लोग काफी जागरूक हैं और वे अपने अधिकारों के लिए जूझने से भी पीछे नहीं हटते, जबकि भारत में न्याय से इत्तर घटनाएं होती रहती हैं। लेकिन कोई आवाज नहीं उठाता। ट्रैफिक चैकिंग के दौरान फ्रांस में इस साल की यह तीसरी घटना है जब फायरिंग में किसी की जान गई है या फिर गोली लगी है। वहीं पिछले साल फायरिंग की ऐसी 13 घटनाएं रिपोर्ट की गई थीं। 2021 में तीन और 2020 में ऐसी दो घटनाएं देखने को मिली थीं। इस तरह पुलिस का ट्रैक रिकार्ड अच्छा नहीं है।?फ्रांस में आगजनी और हिंसा कोई नई बात नहीं है। नस्लीय दंगों के अलावा मुस्लिम कट्टरपंथियों ने फ्रांस को कई बार निशाना बनाया। फ्रांस में बढ़ते कट्टरपंथ ने काफी नुक्सान पहुंचाया है। फ्रांस की कुल जनसंख्या 6 करोड़ 56 लाख है, जिनमें 50 लाख मुस्लिम हैं। इस देश में मुस्लिम अधिकांश उत्तरी अफ्रीका और मुख्य रूप से अल्जीरिया, मोरक्को और ट्यूनीशिया से आए थे। पेरिस के ग्लैमर के चश्मदीद और अति आधुनिक जीवन जीने वाले देश में इस तरह की हिंसा स्वीकार नहीं की जा सकती। फ्रांस के लोगों को मानवाधिकार दिलाने में फ्रांसीसी क्रांति का अहम योगदान रहा है। 1789 में हुई फ्रांसीसी क्रांति ने न केवल दुनिया को राजतंत्र के खिलाफ खड़े होने का हौसला दिया बल्कि उसे खत्म करने की राह भी दिखाई। इसके अलावा क्रांति के दौरान तैयार हुआ मानव अधिकार घोषणा पत्र पूरी दुनिया में मानव अधिकारों के लिए नजीर बना। जिसमें समानता और स्वतंत्रता जैसे अधिकार मिले। अपनी आधुनिक सोच का ही परिणाम है कि फ्रांस की राजधानी पेरिस फैशन की राजधानी कहलाती है। दुनिया के मशहूर फैशन ब्रांड लुई विटॉन, गारनियर, ऑरेंज भी दुनिया को मिले। ऐसे में सवाल उठता है आधुनिकता और लोकतंत्र का संगम होने के बावजूद फ्रांस में दंगे क्यों हो रहे हैं। फ्रांस में धर्मनिरपेक्षता पर लाए गए 2004 और 2010 के कानून के अनुसार किसी भी व्यक्ति को अपनी आस्था का सार्वजनिक प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं है। यही कारण है कि वहां पर सिखों को पगड़ी पहनने से रोका गया और मुस्लिम महिलाएं भी बुर्का नहीं पहन सकतीं। 2014 में तो हिजाब को लेकर भी विवाद शुरू हो गया। इसी तरह फ्रांस की जनगणना में भी लोगों के धर्म को शामिल नहीं किया जाता। अगर फ्रांस की धर्मनिरपेक्षता की तुलना भारत से की जाए तो यह काफी अलग दिखती है क्योंकि भारत में धर्मनिरपेक्षता का मतलब ऐसा नहीं है कि कोई अपने धर्म के अनुसार पगड़ी या बुर्का नहीं पहन सकता। 2015 में पत्रिका चार्ली एब्दो ने पैगम्बर मोहम्मद साहब के कार्टून छापे थे, जिसके बाद आतंकवादियों ने उसके दफ्तर पर हमला कर सम्पादकों और कार्टूनिस्टों को मौत के घाट उतार ?दिया था। यह फ्रांस के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। 2020 में सैमूअल पेटी नाम के शिक्षक का सर कलम किए जाने की घटना ने मुस्लिम और समाज के दूसरे लोगों के बीच खाई को और गहरा कर दिया। इसके बाद कट्टरपंथियों ने कुछ और हमले भी? किये। राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा फोरम ऑफ़ इस्लाम का गठन कर नई बहस छेड़ दी है। फ्रांस कट्टरपंथ को कम करने के प्रयास कर रहा है। हालांकि मुस्लिम आबादी इसका विरोध कर रही है। पूरी दुनिया में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि इस्लामी कट्टरपंथ को कैसे कम किया जाए। जब भी फ्रांस कोई कदम उठाता है तो मुस्लिम देश इकट्ठे हो जाते हैं। फिर भी इस्लामिक आतंकवाद को रोकने के लिए फ्रांस दुनिया का नेतृत्व करता नजर आ रहा है।

## सहजयोग द्वारा समस्त दुश्चिंताओं व कष्टों से मुक्ति संभव हो जाती है



सहजयोग, श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित एक सहजयोग कोई यौगिक क्रिया नहीं है वरन् सहजता से जीवन को जीना है। सहज रूप से जब हमारा योग अर्थात् जुड़ना परम शक्ति से हो जाता है तब हम सहजयोगी हो जाते हैं। सहजयोग कोई नई विचारधारा, संप्रदाय अथवा धर्म नहीं है यह तो संपूर्ण सृष्टि को चलायमान रखने वाला परमात्मा का यंत्र है। मनुष्य को परमशक्ति द्वारा बुद्धि प्रदान कर विचारों की स्वतंत्रता प्रदान की गई और इसी बुद्धि ने उसे असहज बना दिया। मानव जाति को इस भटकाव से बचाने के लिए अनेक अवतार, गुरु, व संत इस संसार में समय समय पर परमात्मा की इच्छा से अवतरित हुए और सभी ने सहजता की ही बात की व सहज जीवन को ही जिया। भारत में अनेकानेक ऐसे संत हुए हैं जो अपने गुणों के द्वारा देव तुल्य हो गए। ऐसे ही संत कबीर दास जी का नाम संतों की अग्रिम पंक्ति में लिया जाता है। जीवन की सहजता का वर्णन संत कबीर दास जी ने अपने दोहों में इस प्रकार किया है कि,

**सहज सहज सब कोई कहै,सहज न चीन्हें कोय।**
**जिन सहजै विषया तजै, सहज कहावै सोय ।।**

अर्थात् सहज-सहज सब कहते हैं, परन्तु उसे समझते नहीं जिन्होंने सहजरूप से विषय-वासनाओं का परित्याग कर दिया है, उनकी निर्विषय-स्थिति ही सहज कहलाती है।

कबीर दास जी द्वारा वर्णित इसी सहजता की प्राप्ति सहजयोग में श्री माताजी के सानिध्य व कृपा में आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् होती है। हम अपने सहज स्वभाव में स्थित रहने लगते हैं व समस्त दुश्चिंताओं से शारीरिक कष्टों से मुक्ति संभव हो जाती है। जब हम परमात्मा के सहज साम्राज्य का अंग बन जाते हैं तो उनकी कृपा के पात्र हो जाते हैं और तब जीवन प्रेममय, आनंदमय व करूणामय हो जाता है। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर कौन से शुभ मुहूर्त में करें पूजा और उपाय, गुरु दोष दूर करने का बढ़िया अवसर

## शास्त्रों की बात जाने धर्म के साथ

आषाढ़ माह की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार इस बार 3 जुलाई 2023 सोमवार के दिन रहेगी गुरु पूर्णिमा। इस आषाढ़ी पूर्णिमा का महर्षि वेद व्यास और गुरु की पूजा की जाती है। आओ जानते हैं कि इस दिन के क्या है शुभ मुहूर्त और खास योग। पूजा करने होगा बृहस्पति ग्रह का दोष दूर।

## पूर्णिमा तिथि :शाम 05 :08 तक

शुभ मुहूर्त -अमृत काल- प्रातः 04:08 से 05:34 तक।अभिजित मुहूर्त- दोपहर 12:16 से 01:09 तक।विजय मुहूर्त - दोपहर 02:55 से 03:48 तक।गोधूलि मुहूर्त-शाम 07:19 से 07:41 तक।

सन्ध्या- शाम 07:20 से 08:25 तक।

शुभ योग-ब्रह्म योग- 03 जुलाई दोपहर 03:45 तक रहेगा।एंद्र योग- 03 जुलाई दोपहर 03:45 से अगले दिन सुबह 11:49 तक रहेगा।बुधादित्य योग- इस दिन बुध और सूर्य की युति से बुधादित्य योग रहेगा।

गुरु पूजा का मंत्र-'गुरुपरंपरासिद्धयर्थं व्यासपूजां करिष्ये' मंत्र का जाप करें

गुरु पूजन विधिः इस दिन प्रातःकाल स्नान आदि नित्यकर्मों को करके उत्तम और शुद्ध वस्त्र धारण करें।

इसके बाद गुरु पूजन की तैयारी करें और वेद व्याजजी के चित्र या मूर्ति की पूजा करें।

पूजा के लिए सुगन्धित फूल या माला चढ़ाकर, धूप, दीप नैवेद्य लगाएं। अंत में आरती करें।

इसके बा अपने गुरु से भेंट करके उन्हें पुष्?पमाला पहनाएं।

इसके बाद गुरु को वस्त्र, फल, नारियल आदि अर्पण कर कुछ दक्षिणा दें।

यथाशक्ति दक्षिणा देने के बाद उनका आशीर्वाद लेना चाहिए।

**इस दिन क्या उपाय करें**-1. प्रातः काल जल्दी उठकर नदी में स्नान करते हैं।

2. गुरु वेदव्यास की पूजा करते हैं।
3. किसी को गुरु बनाते हैं या अपने गुरु का पूजन करते हैं।
4. व्रत रखकर पूरे दिन श्री विष्णु का ध्यान करते हैं।
5. सत्यनारायण भगवान का कथा पूजन करते हैं।
6. दान करते हैं। खासकर अन्नदान और वस्त्रदान करें।
7. इस दिन गुरु ही नहीं माता, पिता, बड़े भाई, बड़ी बहन, चाचा आदि का भी सम्मान करते हैं।
8. इस दिन गुरु से मंत्र प्राप्त भी करते हैं।
9. पितरों के तर्पण का कार्य भी किया जा सकता है।
10. कोई विद्या या सिद्धि सीखने का कार्य भी प्रारंभ किया जा सकता है।

## गुरु पूर्णिमा 2023- किसे बनाएं अपना गुरु?

3 जुलाई 2023 को गुरु पूर्णिमा है। हमें जो भी व्यक्ति कोई शिक्षा या विद्या प्रदान करता है वह हमारा गुरु है, परंतु यदि आप आध्यात्म के मार्ग पर जाना जाहते हैं तो आपको सोच समझकर ही किसी को गुरु बनाना चाहिए। हिन्दू धर्म में किसी को गुरु बनने या गुरु बनाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है। इस प्रक्रिया में सबसे पहले दीक्षा दी जाती है।

दीक्षा क्या है? दिशाहीन जीवन को दिशा देना ही दीक्षा है। दीक्षा एक शपथ, एक अनुबंध और एक संकल्प है। दीक्षा के बाद व्यक्ति द्विज बन जाता है। द्विज का अर्थ दूसरा जन्म। दूसरा व्यक्तित्व।

दीक्षा के प्रकार कितने? हिन्दू धर्म में 64 प्रकार से दीक्षा दी जाती है। जैसे, समय दीक्षा, मार्ग दीक्षा, शाम्भवी दीक्षा, चक्र जागरण दीक्षा, विद्या दीक्षा, पूर्णाभिषेक दीक्षा, उपनयन दीक्षा, मंत्र दीक्षा, जिज्ञासु दीक्षा, कर्म संन्यास दीक्षा, पूर्ण संन्यास दीक्षा आदि।

क्यों और कब लेना चाहिए दीक्षा-दीक्षा लेने का मतलब यह है कि अब आप दूसरे व्यक्ति बनना चाहते हैं। आपके मन में अब वैराग्य उत्पन्न हो चुका है इसलिए दीक्षा लेना चाहते हैं। अर्थात अब आप धर्म के मोक्ष मार्ग पर चलना चाहते हैं। अब आप योग साधना करना चाहते हैं। अक्सर लोग वानप्रस्थ काल में दीक्षा लेते हैं। दीक्षा देना और लेना एक बहुत ही पवित्र कार्य है। इसकी गंभीरता को समझना चाहिए।

स्वयंभू गुरुओं की भीड़? यदि आपने किसी स्वयंभू बाबा से दीक्षा ले रखी है जबकि आपका संन्यास या धर्म से कोई नाता नहीं है बल्कि आप उनके प्रवचन, भजन, भंडारे और चातुर्मास के लिए इकट्टे हो रहे हैं और उन्हीं का लाभ कर रहे हैं और उनके लाभ में ही आपका लाभ छुपा हुआ है तो आपको समझना चाहिए कि आप किस रास्ते पर हैं। यह धर्म का मार्ग नहीं है। इससे धर्म की हानि तो हो ही रही है साथ ही आपका भी नुकसान ही होगा।

वर्तमान दौर में अधिकतर नकली और ढोंगी संतों और कथा वाचकों की फौज खड़ी हो गई है और हिंदुजन भी हर किसी को अपना गुरु मानकर उससे दीक्षा लेकर उसका बड़ा-सा फोटो घर में लगाकर उसकी पूजा करता है। उसका नाम या फोटो जड़ित लाकेट गले में पहनता है। संत चाहे कितना भी बढ़ा हो लेकिन वह भगवान या देवता नहीं, उसकी आरती करना, पैरों को धोना और उस पर फूल चढ़ाना धर्म का अपमान ही है। स्वयंभू संतों की संख्या तो हजारों हैं उनमें से कुछ सचमुच ही संत हैं बाकी सभी दुकानदारी है।

किसे बनाना चाहिए गुरु? यदि हम हिन्दू संत धारा की बात करें तो इस संत धारा को शंकराचार्य, गुरु गोरखनाथ और रामानंद ने फिर से पुनर्रगठित किया था। जो व्यक्ति उक्त संत धारा के नियमों अनुसार संत बनता है वहीं हिंदू संत कहलाने के काबील है।

हिंदू संत बनना बहुत कठिन है? क्योंकि संत संप्रदाय में दीक्षित होने के लिए कई तरह के ध्यान, तप और योग की क्रियाओं से व्यक्ति को गुजरना होता है तब ही उसे शैव या वैष्णव साधु-संत मत में प्रवेश मिलता है। इस कठिनाई, अकर्मण्यता और व्यापारवाद के चलते ही कई लोग स्वयंभू साधू और संत कुकुरमुत्तों की तरह पैदा हो चले हैं। इन्हीं नकली साधुओं के कारण हिंदू समाज लगातार बदनाम और भ्रमित भी होता रहा है। हालांकि इनमें से कमतर ही सच्चे संत होते हैं।

13 अखाड़ों में सिमटा हिंदू संत समाज पांच भागों में विभाजित है और इस विभाजन का कारण आस्था और साधना पद्धतियां हैं, लेकिन पांचों ही सम्प्रदाय वेद और वेदांत पर एकमत है। यह पांच सम्प्रदाय है-1.वैष्णव 2.शैव, 3.स्मार्त, 4.वैदिक और पांचवां संतमत।

वैष्णवों के अंतर्गत अनेक उप संप्रदाय है जैसे वल्लभ, रामानंद आदि। शैव के अंतर्गत भी कई उप संप्रदाय हैं जैसे दसनामी, नाथ, शाक्त आदि। शैव संप्रदाय से जगद्? गुरु पद पर विराजमान करते समय शंकराचार्य और वैष्णव मत पर विराजमान करते समय रामानंदाचार्य की पदवी दी जाती है। हालांकि उक्त पदवियों से पूर्व अन्य पदवियां प्रचलन में थी।

## राशि के अनुसार इस गुरु

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

## पूर्णिमा पर अपने गुरु को दें ये चीजें, बनी रहेगी गुरु की कृपा

साल 2023 में 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा. शास्त्रों के अनुसार, गुरु का दर्जा भगवान से भी ऊपर बताया गया है. गुरु को अपने राशि के अनुसार उपहार भेंट करें.

अगर आप भी इस बात से परेशान हैं कि गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु को क्या उपहार दें, जिससे आपके गुरु प्रसन्न हों और वह चीज आपके गुरु के दैनिक जीवन में काम आए, तो यह खबर आपके लिए है. गुरु पूर्णिमा का त्योहार हिंदू कैलेंडर के चौथे महीने आषाढ़ में आता है. आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का पर्व देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हिंदू धर्म से जुड़े लोगों द्वारा मनाया जाता है. गुरु पूर्णिमा एक ऐसा दिन है जो किसी के आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरु को समर्पित है.

शास्त्रों के अनुसार गुरु का दर्जा भगवान से भी ऊपर बताया गया है. ऐसे में साल 2023 में 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा, जिसमें लोग अपने आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं की पूजा करते हैं और उन्हें समर्पित होकर काम करते हैं. जब आप 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु का आशीर्वाद लेने जाएंगे तो आप उन्हें कुछ ऐसी चीजें उपहार में दे सकते हैं जो उनकी दिनचर्या में काम आ सकती हैं. ऐसे में लोगों के मन में कई तरह के सवाल होते हैं कि उन्हें अपने गुरु को कौन सा उपहार देना चाहिए, जिससे वह चीज उनके गुरु के काम आए. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आप अपने गुरु को उनकी राशि के अनुसार उपहार भी दे सकते हैं, जो उन्हें जरूर पसंद आएगा.

## राशि के अनुसार गुरु को दें ये उपहार मेष राशि: खाने की चीजें और मूंगा दान करें.

**वृषभ राशि:** पीले वस्त्र में चने की दाल का दान करने से लाभ मिलेगा.

**मिथुन राशि:** पहनने की वस्तु का दान करना लाभदायक रहेगा.

**कर्क राशि:** चावल, दही आदि का दान करना लाभकारी रहेगा.

सिंह राशि- पंच धातुओं से बनी किसी वस्तु का दान करना लाभ देगा.

**कन्या राशि: हीरा, जवाहरात, कोहिनूर आदि कीमती चीजें दान करें.**

**तुला राशि: शॉल, चादर या कंबल आदि का दान करें.**

**धनु राशि: सोना या सोने से बनी कोई वस्तु दान कर सकते हैं.**

**मकर राशि: पीले वस्त्र का दान करना लाभ देगा.**

**कुंभ राशि: सफेद वस्तु जैसे सफेद वस्त्र, मोती, चांदी आदि दान कर सकते हैं.**

**मीन राशि: पीले वस्त्र, हल्दी चने की दाल, बेसन आदि दान करें.**

2 जुलाई 2023: क्या कहती है आपकी राशिकैसा बीतेगा आज आपका दिन, जानें राशिफल...

मेष राशि का आज का राशिफल- आप भविष्य को लेकर योजनाएं एवं कार्यक्रम बनाएंगे। आपकी मुलाकात कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों से होगी, जो आपके काफी काम आएंगे। लालमिर्च का सेवन करें।

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-आसमानी**
**उपाय- सफेद वस्तु का दान करें**

**वृषभ राशि का आज का राशिफल**-राजनीति के क्षेत्र में आपका दबदबा, रुतबा, प्रभाव व पराक्रम बढ़ेगा। चारों तरफ आपकी वाहवाही होगी। कामकाज को लेकर मीटिंग व यात्राएं होंगी। अनार का सेवन करें।

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग- नीला**
**उपाय- हनुमान चालीसा का पाठ करें।**

**मिथुन राशि का आज का राशिफल**- आपको कहीं से रुका हुआ व पुराना उधार दिया हुआ रुपया वसूल होगा। आप दूसरों के झगड़ों में अपनी टांग न अड़ाएं अन्यथा मुंह की खानी पड़ेगी। सेब का सेवन करें।

**शुभ अंक- 7**
**शुभ रंग- ऑरेंज**
**उपाय- शिवलिंग पर दूध चढ़ाएं।**

कर्क राशि का आज का राशिफल- प्रेम-प्रसंग में सफलता प्राप्त होगी। धन, ऐश्वर्य व आनंद की प्राप्ति होगी। प्रेमिका के साथ कहीं बाहर घूमने या फिल्म देखने जा सकते हैं। पपीते का सेवन करें।

**शुभ अंक- 3**
**शुभ रंग- हरा**
**उपाय- गणेशजी को मोदक का भोग लगाएं।**

सिंह राशि का आज का राशिफल- किसी घनिष्ठ व्यक्ति से बोलचाल या मनमुटाव की स्थिति हो सकती है। लेन-देन व रुपयों-पैसों के मामले में किसी पर भी विश्वास नहीं करें। तरबूज का सेवन करें।

शुभ अंक-8शुभ रंग- ग्रेउपाय- चींटियों को आटा खिलाएं।

कन्या राशि का आज का राशिफल- यात्रा जहां तक हो सके, टाल दें। धनहानि हो सकती है। पड़ोसियों व मित्रों से विवाद की स्थिति बन सकती है। वाणी व क्रोध पर नियंत्रण रखें। टमाटर का सेवन करें।

**शुभ अंक- 6**
**शुभ रंग- पीला**
**उपाय- हनुमानजी को सिंदूर भेट करें।**

तुला राशि का आज का राशिफल- आपका कहीं तरक्की के साथ ट्रांसफर हो सकता है। किसी ज्योतिषाचार्य की सलाह से शुभ कार्य आरंभ करें, सफलता आपके कदम चूमेगी। अनार का सेवन करें।

**शुभ अंक- 2**
**शुभ रंग- स्लेटी**
**उपाय- पीली वस्तु का दान करें।**

वृश्चिक राशि का आज का राशिफल- नए वाहन, गहने वस्त्रादि की खरीदारी करेंगे। पैसों की आवक जारी रहेगी। आप बहुत तला हुआ या तामसी भोजन न करें, अन्यथा स्वास्थ्य पर गलत असर होगा। शलजम का सेवन करें।

**शुभ अंक- 4**
**शुभ रंग- हरा**
**उपाय- भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करें।**

धनु राशि का आज का राशिफल- आप बहुत उच्च श्रेणी का ज्ञानार्जन करेंगे। बहुत से शास्त्रों व धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन करेंगे। स्वयं के लिए समय निकालेंगे। भाई-बहनों के प्यार में इजाफा होगा। सेब का सेवन करें।

शुभ अंक- 9शुभ रंग- लालउपाय- हनुमान चालीसा का पाठ करें।

मकर राशि का आज का राशिफल- आपके सामने कुछ समस्याएं और चुनौतियां पेश आ सकती हैं? जिनसे आपको निपटना होगा। अपनी खुशियां हासिल करने के लिए ज्यादा काम या धन खर्च करना होगा। टमाटर का सेवन करें।

**शुभ अंक- 9**
**शुभ रंग- लाल**
**उपाय- हनुमान चालीसा का पाठ करें।**

कुंभ राशि का आज का राशिफल- विचारों तथा पारिवारिक मामलों को लेकर मतभेद पैदा होंगे। धैर्य बनाए रखें। आपका विनम्र पक्ष ही आपको मौज-मस्ती व हंसी-खुशी दिलाएगा। लाल मिर्ची का सेवन करें।

**शुभ अंक- 5**
**शुभ रंग- सफेद**
**उपाय- गौ माता को हरा चारा खिलाएं।**

**मीन राशी**-आज का राशिफल घर-परिवार और वैवाहिक जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे तो समय अनुकूल बनेगा। आप अपने आपको हल्का एवं आरामदायक महसूस करेंगे। तरबूज का सेवन करें ।

**शुभ अंक- 1**
**शुभ रंग- फिरोजी**
**उपाय- माता लक्ष्मी की पूजा करें।**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

## संजीव-नी।

## आप से करे एक विशेष निवेदन।

*आप से करे एक विशेष निवेदन,*
*आप अपने साथ हमेशा*
*चमचों की लंबी*
*फ़ौज क्यों लाते हो।*

*पहले आप हाथ जोड़े*
*निरीह थे याचक से,*
*अब भक्षकों के साथ*
*दबंगई से घूमते नजर आते हो।*

*लोगो ने कहा जमीन से*
*जुड़ जाओ*
*कुछ कर जाओ,*
*आप आसानी से जनता की*
*जमीन हड़प जाते हो।*

*अब जनता कहती है कि*
*आप है जनता के लिए,*
*जनता द्वारा हो,*
*फिर देश का क्यो*
*बुरा-हाल कर जाते हो।*

*जनता को हलाकान किया,*
*देश का क्या हाल करोगे,*
*जनता का सारा पैसा*
*स्विस बैंक में*
*जमा कर आते हो।*

*पहले नेता बन*
*कसम खाते हो*
*बेटे, बेटियों की*
*फिर खिलाड़ी बेटियों की*
*इज्जत से खेल जाते हों,*

*पहले नौकरी के*
*बदले लेते थे रिश्वत,*
*अब नौकरी के लिए*

*खिलाड़ी बच्चियों की*
*पूरी जिंदगी से*
*खेल जाते हो।*

*पहले गांधी टोपी माथे ,*
*सर पर होती थी*
*अब गांधी छाप नोट*
*खुद ही छापने लग जाते हो।*

*पहले नम्रता से,*
*पूजा, श्रद्धा से हाथ*
*जोड़ते जनता से,*

*अब जनता के सामने*
*पूजा -श्रद्धाओं*
*को अपमानित कर जाते हो।*

*क्या गजब मोटी चमड़ी है*
*तुम्हारी नेताजी*
*याचक बन घर घर वोटों की*
*भीख मांगते घूमते हो,*

*बाद में बदहाल जनता को*
*बेशर्मी से दर दर की*
*ठोकर खाने छोड़ जाते हो।*

*-संजीव ठाकुर*

# (शब्द संसार) शब्द और लेखनी में असीमित सामर्थ्य और क्षमताएं।

## (गहन चिंतन के बाद ही कुछ बोलें)

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो। मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।



**-संजीव ठाकुर**

# जिले में 4 लाख 86 हजार से अधिक पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आज शहडोल में आयोजित राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 एवं 1 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड के वितरण समारोह का सीधा प्रसारण शाजापुर जिला अस्पताल कार्यालय में दिखाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री किशोर कन्याल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रेम जैन, पूर्व विधायक श्री अरुण भीमावद, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री प्रदीप चंद्रवंशी, रोगी कल्याण समिति सदस्य श्री विजय जोशी, रोगी कल्याण समिति सदस्य श्री संजय शिवहरे, सभापति श्री दुष्यंत सोनी, सभापति श्री दीप कलेशरिया, पार्षद श्री मुकेश कुमार दुबे, पार्षद श्री चिनेश जैन, पार्षद श्री महेश कुशवाह, पार्षद श्री जगदीश विश्वकर्मा, श्री आशुतोष श्रीवास्तव, नगरपालिका सीएमओ श्री धीरज शर्मा, सीएमएचओ डॉ. आर. निदारिया, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मीणा सहित अन्य डाक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने कहा कि केन्द्र शासन द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से बीमार व्यक्ति 5 लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज अस्पतालो में करवा सकता है। उन्होंने बताया कि शाजापुर जिले में 4 लाख 86 हजार से अधिक पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में ईलाज कराने आए मरीजों से स्वास्थ्यकर्मी व स्टॉफ मधुर व्यवहार करें एवं उनकी समस्या को ध्यानपूर्वक सुनकर संतुष्टि के साथ निराकरण करें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भाग्यशाली है जिनको लोगो की सेवा करने का मौका मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉक्टर का दर्जा भगवान के बराबर होता है और लोग उन्हें दिल से दुआएं देते हैं, जिसका कोई मोल नहीं होता है, इसलिये सभी डॉक्टर्स अपने कार्य एवं दर्जा अनुसार अच्छे से अच्छा मरीजों को उपचार देकर स्वयं का एवं जिला चिकित्सालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों में बेहतर ईलाज होता है, ऐसा मैसेज आमजन तक पहुंचे और लोग चिकित्सालय की तारीफ करें, इस भावना से मरीजों का ईलाज करें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वच्छता रखने, परिसर में गुटका-पाऊच खाकर यहां-वहां थूकने वालों पर 500 रूपये का जुर्माने की कार्रवाई करने एवं 24 घण्टे सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करने के निर्देश भी दिये।

पूर्व विधायक श्री भीमावद ने संबोधित करते हुये कहा कि देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हितग्राहियों के लिये अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को धरातल से देखा है, इसी का नतीजा है कि आज सिकल सेल एनीमिया बीमारी के ईलाज की चिंता की है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में कई कार्य किये जा रहे है। साथ ही जिला अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं देने के लिये कई प्रकार की मशीने उपलब्ध है। आज शाजापुर जिला प्रदेश में कई क्षेत्रो में नम्बर वन एवं नम्बर दो पर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से बीमार व्यक्ति 5 लाख रूपये तक का अस्पतालो में ईलाज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के माध्यम से शाजापुर जिले के लोगो के ईलाज के लिये आर्थिक सहायता राशि देने का काम निरंतर किया जा रहा है।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किये गये। साथ ही उपस्थित डॉक्टर्स का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया।

## विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए प्रारंभ हुआ 'संकल्प कंप्यूटर केंद्र'

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री अरिहंत पदम चेरिटेबल ट्रस्ट आयुर्वेदिक औषधालय एवं सेवा भारती उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में ÷संकल्प कंप्यूटर केंद्र÷ प्रारम्भ किया गया। समिति के सचिव रितेश सोनी ने बताया कि पिपलीनाका क्षेत्र में विद्यार्थियों और नागरिकों की आवश्यकता को ध्यान रखते हुवे श्री अरिहंत पदम चेरिटेबल ट्रस्ट आयुर्वेदिक औषधालय एवं सेवा भारती उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में ÷संकल्प कंप्यूटर केंद्र÷ प्रारम्भ किया गया। इस केंद्र पर न्यूनतम शुल्क में कंप्यूटर के आधारभूत कोर्स करवाए जाएंगे। श्री राम मंदिर पंचमुसालदार मालवीय समाज धर्मशाला में आयोजित उदघाटन कार्यक्रम में मालवीय समाज धर्मशाला के पदाधिकारी अनिल कंडारिया अध्यक्ष, कमल सिंह परमार, पूर्व अध्यक्ष उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी कमल कोचर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. सुनील खत्री उपस्थित रहें। संचालन विजय परिहार ने किया व आभार राजश्री राठौर ने माना। अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने क्षेत्र की आवश्यकतानुसार कंप्यूटर केंद्र प्रारम्भ करने हेतु दोनों संस्थाओं को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम के उदघाटन अवसर पर शेखर जैन, दिनेश भट्ट, रितेश वर्मा, गोपाल सोनी, सुरेश सोनी व क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहें।

## शहर पर मेहरबान हुए बादल, अब 5 के बाद बनेगा नया सिस्टम

### बारिश ने दी उमस व गर्मी से राहत, अब नही कोई सिस्टम सक्रिय



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानसूनी बारिश ने शहर में दस्तक दी जिससे उमस व गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग की माने तो अब 5 जुलाई को ही नया सिस्टम बनेगा तब तक बारिश की संभावना न के बराबर है।हालांकि शहर में मानसूनी बारिश तो हो रही है, लेकिन झमाझम बारिश का इंतजार अभी भी अधूरा है। जबकि मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि 30 जून से भारी बारिश हो सकती है। तेज बारिश जरूर हुई लेकिन वह भी शहर के आसपास के क्षेत्रों में जबकि शहर में केवल बूंदाबांदी या हल्की बारिश ही होती रही। तेज बारिश न होने की वजह से कई किसान हैं जो अभी तक बोवनी नहीं कर पाए हैं। यदि तेज बारिश नहीं होती है और बोवनी का समय गुजर गया तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। इधर शनिवार को बादल शहर पर मेहरबान हुए और रूक-रूककर तेज बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शनिवार के बाद अब तीन से चार दिन बारिश की संभावना नहीं है। यदि बारिश होगी भी तो केवल बूंदाबांदी। उन्होंने बताया कि अब नया सिस्टम 5 जुलाई तक ही सक्रिय होगा। जो 8 जुलाई तक जारी रहेगा। इसके बाद एक सप्ताह तक बारिश की संभावना नहीं है। समाचार लिखे जाने तक बारिश का दौर जारी था।

## 3 को गुरूपूर्णिमा उत्सव, नपा उपाध्यक्ष ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

### अधिकारियों के साथ भैरू डूंगरी स्थल का किया निरीक्षण



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर कोतवाल के दरबार में 3 जुलाई को इस वर्ष भी आस्था का सैलाब उमड़ेगा। जहां पूरे शहर के लोग बाबा भैरव नाथ को आस्था का भोग लगाने पहुंचेंगे। यहां पहुंचने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो और वे आसानी से दर्शन कर सकें। इसके लिए नगर पालिका द्वारा व्यवस्थाएं की गई हैं। जिसका निरीक्षण करने के लिए शनिवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी यातायात अमले और नपा कर्मचारियों के साथ भैरू डूंगरी पहुंचे।दरअसल गुरूपूर्णिमा पर लोग हर साल भेरू डूंगरी पहुंचते हैं तो देर रात तक वहां लोगों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहता है। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए इस बार जेल भवन से लेकर भेरू डूंगरी तक विद्युत व्यवस्था की गई है। जिसका निरीक्षण नपा उपाध्यक्ष पं. जोशी ने किया और जहां भी कमी नजर आई उसे दूर करने के निर्देश दिए। वहीं यातायात अमले के साथ पं. जोशी ने पार्किंग व्यवस्था देखी ताकि लोग आसानी से अपने वाहन लेकर यहां आ सकें और उन्हें निकलने में भी परेशानी न हो। इसके अलावा यदि बारिश होती है तो मार्ग पर कीचड़ न पसरे इसके लिए भी नपा द्वारा रविवार को वहां चूरी डाली जाएगी ताकि लोगों को परेशानी न हो। इस अवसर पर यातायात प्रभारी सत्येंद्र राजपूत सहित नपा कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री श्री यादव का दौरा कार्यक्रम

**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राज्यमंत्री एवं शाजापुर जिला प्रभारी श्री बृजेन्द्र सिंह यादव 02 जुलाई 2023 को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री यादव 02 जुलाई 2023 को प्रातः 9.00 बजे सुरेल से प्रस्थान कर दोपहर 1.00 बजे शाजापुर आएंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## साध्वी मंडल की निश्रा मे होगे प्रतिदिन धर्म आराधनाये



**नागदा, उदयपुर ( राजेश सकलेचा)/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रभु श्री महावीर की वाणी को जनजन तक पहुचाने हेतु साध्वी मंडल कि निश्रा मे प्रतिदिन धर्म आराधनाये होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेन दिवाकर श्री चोथमलजी म0 सा0 की महती कृप्रा से परम् पुज्य तपचंद्रिका साध्वी श्री मनीषा श्री जी म0 सा0 एव परम पुज्य सुमधुर गायिका साध्वी श्री पुर्वा श्री जी म0 सा0 आदि ठाणा 2 कि निश्रा मे महावीर स्वाध्याय मण्डल स्थानक अरविन्द नगर सुन्दरवास रोड न0 18 उदयपुर मे प्रवचन सुबह 9 बजे से गुरू पुर्णिमा के अवसर पर गुरू मंत्र जाप रक्षा कवच , आर्थिक मानसिक शारीरिक शाति हेतु शुक्रवार सुबह 10 - 30 बजे से श्रीपदमावती एकासना एव सर्वव्याधि नाशक सर्व रोग निवारण मंत्र जाप प्रति रविवार को बाल सस्कार शिविर एव ज्ञान वर्धन आयोजन होगा जिसमे प्रभावना भी होगी साथ ही प्रतिदिन महामगल कारी जाप दोपहर 2/30 बजे से अधिक से अधिक सख्या मे उपस्थित होकर त्याग,तपस्या एव धर्म आराधना मे बढचढ कर हिस्सा लेना है और अपनी आत्मा का कल्याण करना है । साध्वी मण्डल् की निश्रा मे 2 जुलाई से चातुमार्स शुरू होगा जिसमे प्रतिदिन प्रार्थाना,प्रवचन,ज्ञान ध्यान चर्चा एव प्रतिक्रमण होगा वही प्रति शुक्रवार को श्री संघ के द्वारा माता पदमावती एकासना महामंत्र के जाप का आयोजन भी होगा ।

## कोतवाली पुलिस को मिली सफलता 48 घंटों में धराए चोरी के आरोपी

### एक ही रात में तीन ऑटो चालकों को बनाया था निशाना




**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक ही रात में तीन ऑटो रिक्शा में से बैटरी सहित अन्य सामान चुराने वाले अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गया सामान भी जब्त किया है। बदमाशों ने 27 की रात को वारदात को अंजाम दिया और पुलिस ने दो दिन में ही खुलासा कर दिया।

जानकारी के अनुसार गुरूवार को फरियादी जहीर पिता सलीम खान निवासी दायरा, कमल पिता श्यामलाल मालवीय निवासी बादशाह पुल कुम्हारवाडा, राधेश्याम पिता गोर्धनलाल राठौर निवासी मीरकला बाजार द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि 27-28 की दरमियानी रात उनके ऑटो की बैटरी एवं स्टेपनी अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की ली गई। इस पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसके बाद एएसपी टीएस बघेल, एसडीओपी दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने टीम गठित कर अज्ञात आरोपीगण की पतारसी शुरू कर दी। पुलिस को सफलता मिली और अब्दुल करीम पिता अब्दुल ररूफ (32) निवासी बदशाह पुल शाजापुर, अमरअलीशाह पिता जब्बारशाह उम्र 22 वर्ष निवासी परफेक्ट स्कूल के सामने बादशाह पुल शाजापुर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पुलिस ने दो बैटरी, 1 स्टेपनी कुल कीमती 10 हजार व एक बैट्री कुल कीमती 6500/- रू जप्त की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली संतोष वाघेला, प्र.आर राकेश किरार, आरक्षक कपिल नागर, संजय पटेल, संजीत की सराहनीय भूमिका रही।

## 8 किलो गांजे के साथ पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा, कीमत एक लाख रूपए



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** औद्योगिक थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात एक युवक को एक लाख का अवैध गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिली थी कि बालगढ़ क्षेत्र में एक युवक 8 किलो गांजा लेकर सप्लाई करने आ रहा है, तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को 8 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी युवक का नाम रईस शाह निवासी कन्नौद है, जिसे इंदौर-भोपाल हाईवे बालगढ़ रोड़ से पकड़ा है। जब्त गांजे की कीमत एक लाख रुपए है।

औद्योगिक थाना टीआई अजय चानना ने बताया कि बालगढ़ रोड पर अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करने जा रहे एक आरोपी को हमने पकड़ा है। जिसकी तलाशी लेने पर प्लास्टिक की बोरी में 8 किलो गांजा जब्त किया है। जांच में पुलिस को पता चला है कि आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर मालवा क्षेत्र में बेचने का कार्य करता था जो कि कन्नौद देवास का ही निवासी है। आरोपी पर पहले से भी अपराध दर्ज है।

## पैरालीगल वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश लखनलाल गर्ग की अध्यक्षता में पैरालीगल वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ए.डी.आर. सेंटर भवन झाबुआ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नरेन्द्र प्रताप सिंह, विशेष न्यायाधीश विवेक कुमार रघुवंशी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश सुभाष सुनहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौतम सिंह मरकाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजय पाल सिंह चौहान, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी मसीह, श्रीमती पूनम सिंह, बलराम मीणा, अभिभाषक संघ के सचिव शरदचन्द्र शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल एवं पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहें। शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश लखनलाल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि प्राधिकरण एवं जनता के बीच पैरालीगल वालेंटियर्स एक सेतु हैं। आप बेजुबानों की आवाज हैं। पैरालीगल वालेंटियर्स का मुख्य उद्देश्य जागरूकता और विवादों को निपटाने में सहयोगी भूमिका होनी चाहिए। संबोधन की कड़ी में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि कानूनी प्रणाली जटिल है और अक्सर उन व्यक्तियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है जो कानूनी प्रतिनिधित्व का खर्च वहन नहीं कर सकते। इस असंतुलन के परिणामस्वरूप अक्सर न्याय तक पहुंच की कमी हो जाती है। इसी कमी को दूर करने के लिए पैरालीगल वालेंटियर्स की भूमिका अहम होती है जहां तक हम लोग नहीं पहुंच सकते है वहां तक आप पैरालीगल वालेंटियर्स पहुंचते है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर्स को न्यायाधीशगणों ने प्रशिक्षण की महत्ता बताई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर समाज के अंतिम वर्ग के गरीब व विधिक प्रावधानों से अनभिज्ञ व्यक्तियों को प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं और निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी देने के लिए कहा। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, लोक अदालत, मध्यस्थता, महिलाओं अधिकार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध, घरेलू हिंसा एवं पैरालीगल वालेंटियर्स के कार्य एवं उनके कार्यक्षेत्र विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ

## खाद्य विभाग के प्रबंधक एवं विक्रेताओं की मासिक बैठक आयोजित



**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसडीएम सुनील कुमार झा की अध्यक्षता में झाबुआ, राणापुर एवं रामा विकासखंड के खाद्य विभाग के प्रबंधक एवं विक्रेताओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में माह जून में कम वितरण करने वाले विक्रेताओं से कम वितरण का कारण जानकर वितरण, श्वद्म4ष्ठ एवम मोबाईल सीडिंग में प्रगति लाने हेतु आदेशित किया । साथ ही प्रबंधको को एक पत्रक बनाकर दिया गया। जिसमे उनके द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को प्रगति रिपोर्ट एसडीएम को दी जाएगी। माह जुलाई के अन्न उत्सव की तैयारी की चर्चा की गई एवं अन्न उत्सव के दौरान 50% वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसकी समीक्षा अन्न उत्सव के तुरंत बाद की जाएगी अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में झाबुआ के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश तोमर, राणापुर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी धर्मेंद्र सिंह एवं जिला आपूर्ति अधिकारी संजय पाटिल उपस्थित थे।

## घर-घर जाकर किया जनसंपर्क, बांटे पत्रक



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत अल्पकालीन विस्तार के रूप में महाराष्ट्र से आए शांतिनाथ डोरले ने सीनियर मंडल के वार्ड क्र. 34, 35 में घर घर जाकर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने मोदी जी की 9 वर्ष की उपलब्धि की जानकारी देकर पत्रक वितरण किए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विशाल रघुवंशी, महामंत्री संतोष पंचोली, नयन कानूनगो, पार्षद राम यादव, विजय सुल्तानिया, शिवकुमार शर्मा, मोहन चौहान, महेश यादव, संजय सांधवी, शरद गिरजे आदि कार्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## कलेक्टर कार्यालय की प्रभारी अधीक्षक श्रीमती अय्यर के सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई




**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ प्रभारी अधीक्षक एवं सहायक ग्रेड-2 श्रीमती राधालक्ष्मी अय्यर के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे, संयुक्त कलेक्टर शिवानी तरेटिया, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, वरिष्ठ पेंशनर्स गंगासिंह सोलंकी, संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, अधीक्षक पद पर पदस्थ दिनेश वर्मा सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। सेवानिवृत्त कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रीमती अय्यर का पुष्पगुच्छ एवं शॉल-श्रीफल देकर विदाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती अय्यर ने अपने शासकीय सेवाकाल में 41 वर्ष 6 माह रहा। इस दौरान उन्होंने पूरी निष्ठा एवं इमानदारी के साथ कार्य किया।

## वरिष्ठ डॉक्टरों का सम्मान कर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस वैकल्पिक चिकित्सक संघ एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान कर उत्साहपूर्वक मनाया गया। चिकित्सा दिवस के अवसर पर शहर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित डॉ. अरविंद पुराणिक, डॉ. जसमत सिंह यादव, डॉ. उदयसिंह यादव, डॉ. जीपी यादव, डॉ. एस.के. वर्मा आदि का सम्मान घर व क्लिनिक जाकर संघ जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक डॉ. भालचंद्र तिवारी एवं प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक डॉ. प्रेमसागर चौहान ने पुष्पमाला पहनाकर, भगवा गमछा ओढ़ाकर एवं बेच लगाकर किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. नर्सिंग नागर, डॉ. दीपक धर्माधिकारी, डॉ. कृष्णकांत चौधरी आदि उपस्थित थे।

## अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में गुरू पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय आयोजन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 'अंकित ग्राम' सेवाधाम आश्रम में गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयक गोरी गोयल ने बताया प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा। आश्रम में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन वृहद स्तर पर होने जा रहा है, गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ''भाईजी'' एवं श्रीमती कांता भाभीजी की 40वीं वर्षगांठ बनाई जा रही है, आश्रम के बच्चों ने पूरे आश्रम को सजाया है एवं विशेष भोजन का आयोजन भी किया गया है। द्वितीय दिवस अर्पण कुटीर स्थित सदुरू स्वाध्याय मंदिर में आश्रम के परमाराध्य सदुरू रणछोड़दासजी महाराज, सरस्वतीलब्ध आचार्यदेव पद्मभूषण श्रीमद् विजय रत्नसुन्दर सुरीश्वरजी महाराजा, देवर्षि पन्यास सूरी वज्रसेन विजयजी, आचार्यदेवेश पूज्य श्री हेमप्रभ सुरीश्वरजी म.सा., श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव गुरूवानन्दजी, महामण्डलेश्वर प.पू. प्रखरजी महाराज, संतश्री अडाणेश्वरजी महाराज, स्वामी स्वतंत्रतानंदजी एवं प.पू. शिवोम तीर्थजी महाराज के स्वरूप पाद पूजन के किया जावेगा।

# रेपकांड की कहानी में ट्विस्ट, पीड़ित महिला और साथियों की चाल पड़ी उल्टी

## पुलिस ने दर्ज की एफआईआर.! रुपये ऐठने का प्लान भी हुआ फैल›› व्यापारी का समर्थन, और ये लोग मिले एसपी से, एएसपी ने किया बड़ा खुलासा, मामला मनासा का







**नीमच /(सतीश सैन)।** राजस्थान निवासी महिला द्वारा मनासा के कपड़ा व्यापारी के खिलाफ छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराने का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। कपड़ा व्यापारी के हक में शनिवार को सैकड़ों व्यापारी और समाजजन नीमच सिटी थाने पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी अमित तोलानी से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने पूरी घटना का खुलासा करते हुए मामले को हनीट्रैप से संबंधित होना बताया। साथ ही महिला सहित अन्य लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने के साथ ही कैलाश दुआं पर दर्ज प्रकरण को खारिज करने की बात कहते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन ने समाजजनों ने बताया कि, महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने कैलाश दुआं को गिरफ्तार किया। जिसके बाद बीती 30 जून को न्यायालय में पेश किया। इसी समय उक्त महिला के साथ आए एक व्यक्ति ने अपने आप को वकील होना बताया। जिसका नाम महावीर प्रसाद एवं मुकेश शर्मा दूसरा व्यक्ति निवासी भीलवाड़ा कैलाश दुआं के चचेरे भाई अनिल दुआं के पास आए, और बोला कि मंजूबाई के साथ हम लोग आए है, तथा उसके द्वारा की गई रिपोर्ट में हम महत्वपूर्ण साक्षी है। अगर तुम हमें हमारे कहे अनुसार रूपये दे दो तो हम मंजूबाई को समझाकर उसके न्यायालय में होने वाले कथनों में आपके भाई के पक्ष में बयान दिलवा देंगे, और यदि तुमने हमारी बात नहीं मानी तो तुम्हारे भाई को जिन्दगी भर जेल में सड़ा देंगे।

तुम हम लोगों को जानते नहीं हो, हम इस मामले में एक्सपर्ट है, और कई लोगों को जेल की हवा खिला चुके है। इस प्रकार की धमकी से कैलाश दुआं का चचेरा भाई अनिल दुआं जो पहले से ही मानसिक रूप से परेशान था, उसकी इच्छा ना होते हुए भी उसने उनकी बात मान ली, और उसके कहे अनुसार 2 लाख रूपये लेकर उनके पास गया। तब महावीर प्रसाद ने रूपये लेकर एक सहमति पत्र भी अपने हस्तलिपी से लिखकर अनिल दुआ को दिया। इतने में अन्य परिजनों को इस घटना की जानकारी होने पर वे सभी मौके पर इकट्ठा हो गये और कैलाश दुआं के विरुद्ध की गई असत्य रिपोर्ट पर अनिल दुआं से दबाव पूर्वक उसकी इच्छा के विरूद्ध रूपये ऐटने के खिलाफ बोलने लगे, और महावीर प्रसाद खटीक तथा मुकेश शर्मा को पकड़कर थाना मनासा पर ले गये।

जहां पर उक्त घटना की जानकारी नगर में होने से नगर के सभी व्यापारी संघ और सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष एवं पंजाबी समाज के हजारों व्यक्ति मनासा थाने पहुंचे। तथा मंजूबाई, महावीर प्रासाद और मुकेश शर्मा के विरुद्ध उक्त घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिस पर से पुलिस द्वारा धारा- 384, 34 आई.पी.सी. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हे हवालात में बंद कर दिया।

ज्ञापन में व्यापारियों और समाजजनों ने बताया कि, नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी के विरुद्ध असत्य तथ्यों का सहारा लेकर पुलिस मनासा द्वारा आदतन अपराधी प्रवृत्ति की महिला एवं उनके साथ आए अन्य व्यक्तियों के कहने मात्र से बलात्कार का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करने के पूर्व ना तो कैलाश दुआं से इस संबंध में पुछताछ की गई, ना ही उसके दुकान के आसपास के व्यापारियों से और ना ही उसकी दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों से घटना के बारे में तस्दीक की।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों और समाजजनों ने आग्रह किया है कि, सदर प्रकरणों में निष्पक्ष जांच की जाकर असत्य रिपोर्ट करने वाले तथा रिपोर्ट कराने के पश्चात अवैध रूप से रुपये ऐटने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाकर पीड़ित कैलाश के विरुद्ध दर्ज किये गये आपराधिक प्रकरण को समाप्त करने संबंधी योग्य कार्यवाही की जाकर न्याय प्रदान करने की कृपा होते।

इनका कहना- बीते दिनों एक एफआईआर हुई है 376 की, उसी के संबंध में समाजजनों का कहना है कि, हमे झूठा फंसाया गया है। समाजजनों और व्यापारियों का कहना है कि, इसके पीछे कोई गिरौह है। उनके द्वारा इस चाल के रूप में इस तरह से फंसाया गया है। जिससे उनके खिलाफ कार्यवाही हुई है। उसी के संबंध में आज ज्ञापन दिया गया है। रात में ही बहुत से चीजे क्लीयर हो गई थी कि, इसमें इनके पीछे कोई एक दो लोग है, जो गिरौह के रूप में काम कर रहें है, तो उनके खिलाफ भी 384 में प्रकरण दर्ज किया गया है।- सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला नीमच।

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान एवं 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड का वितरण का शुभारंभ किया गया



**झाबुआ/माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की द्वारा शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान एवं 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड का वितरण का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा, सांसद गुमान सिंह डामोर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंगार एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहा गया कि मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार को बहुत बहुत बधाई देता हूं। यह संकल्प है सिकल सेल एनीमिया की बीमारी से मुक्ति का। यह संकल्प है हर साल सिकल सेल एनीमिया की गिरफ्त में आने वाले ढाई लाख बच्चे और उनके परिवारजनों का जीवन बचाने का। साथियों मैंने देश के अलग-अलग इलाकों में आदिवासी समाज के बीच एक लंबा समय गुजारा है। सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारी बहुत कष्ट दाई होती है। इसके मरीजों के जोड़ों में हमेशा दर्द रहता है। शरीर में सूजन व थकावट रहती है। शरीर में आसानी दर्द महसूस होता है। मैं बहुत पहले से इस दिशा में प्रयास कर रहा हूं। कुंडली मिलाएं या ना मिलाओ लेकिन सिकल सेल की जांच की रिपोर्ट जरूर मिलाएं। एवं लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।हर व्यक्ति सिकल सेल स्क्रीनिंग अवश्य कराए। मध्यप्रदेश में 25 हजार स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सिकल सेल एक बहुत जटिल और कष्टपूर्ण बीमारी है। और अधिकतर हमारे आदिवासी भाई बहन इसके शिकार होते हैं। इससे निपटने के लिए सिकल सेल एनीमिया मिशन प्रधानमंत्री द्वारा पूरे देश में लॉच किया गया। वर्ष 2047 तक सिकल सेल बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य हैं। जिले में कुल 88 हजार 24 आयुष्मान कार्ड एवं 14 हजार 404 सिकल सेल कार्ड का वितरण किया गया। जिले में लगभग 7 लाख लोगो की सिकल सेल स्क्रीनिंग की गई हैं जिनमे से एक हजार लोग मरीज और 13 हजार वाहक हैं।डॉ. संदीप चोपड़ा शिशुरोग विशेषज्ञ एवं सिकल सेल एनीमिया के नोडल अधिकारी द्वारा सिकल सेल एनीमिया बीमारी की जानकारी दी गई।आयुष्मान कार्ड से एक तरफ जहां पांच लाख तक का इलाज एक साल के लिए पूरे परिवार के लिए होगा। तो वहीं जिन भाई बहनों को सिकल सेल एनीमिया है उसके इलाज और आगे न हो उनके बचाव के उपाय भी बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जी.पी.एस ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला रसोईयो का दो जुलाई 2023 को भोपाल में होगा प्रदर्शन



**नीमच। (सतीश सैन)/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकारी विद्यालय एवं आंगनवाडियो में भोजन एवं नाश्ता बनाकर बच्चो को खिलाने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों से जुडी रसोइया बहने इन दिनो सरकार द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण का शिकार हो रही है। स्वयं सहायता समुह संघ जिला अध्यक्ष माया मनोहर बैरागी बराड़ा ने बताया कि मात्र 2000 रु मासिक मानदेय पर पूरा दिन भर कार्य करती है जिससे उनके परिवार का भरण पोषण सही तरह से नहीं कर पाती है। इस शोषण से बचने के लिए प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर महिला रसोइया 2 जुलाई 2023 को नीमच जिले से महिला स्वयं सहायता समूह महासंघ जिला नीमच की जिला अध्यक्ष माया मनोहर बैरागी के नेतृत्व में लगभग 2000 महिला रसोइया एवं समूह की महिलाएं इस महा आंदोलन में पहुंचेगी एवं भोपाल मे जंगी प्रदर्शन करेगी। बैरगी ने बताया कि विद्यालय एवं आंगनवाड़ीयों के समूह संचालको को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समय पर समूहों को खाद्यान नहीं मिलता है। महंगाई को देखते हुए प्रति छात्र की जो राशी शासन द्वारा जारी की जाती है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। पांच रुपये मे चाय तक नहीं मिलती और समूह संचालको द्वारा भोजन की थाली जिसमे रोटी, दो सब्जी, खीर-पुडी, नाश्ता आदि देना पड़ते है। बाद भी रसोईया का मानदेय तीन चार माह तक नही आता है। खाना पकाने की लागत राशी भी तीन चार माह तक जारी नही होती है। बैरागी ने आगे बताया कि खाद्यान भी छात्र संख्या के मान से जारी नही होता है। मात्र उपस्थिति का 65 प्रतिशत के मान से खाद्यान एवं राशि जारी होती है और भोजन उपस्थिति के मान से कराना पड़ता है। जितने उपस्थित रहते हैं उन्हें देना पड़ता है। ऐसी कई प्रकार की समस्याओं से समूह संचालक पिछ्ले कई सालो से संघर्ष करते आ रहे हैं। किन्तु अभी तक इन रसोईयो का आर्थिक शोषण होता आ रहा है। यह न जाने कब बंद होगा। उस्त सारी समस्याओं के विषय में भोपाल में महिलाओं का प्रदर्शन होगा एवं अपने अधिकारों की लड़ाई से शासन को अवगत कराया जावेगा।

# सिंगोली नगर में मुनि श्री ससंघ का पावन वर्षा योग 2023

## विधि-विधान से होगा ध्वजारोहण ›› केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा करेंगे शिरकत



**सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिगंबर जैन श्री संघ मे विगत डेढ़ दशक के बाद मेवाड़ प्रान्त व रानी पद्मावती की धर्म नगरी सिंगोली मे परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री 108 शांतिसागर जी महाराज की परम्परा के पंचम पट्टाधीश राष्ट्र गौरव वात्सल्य वारिधि तपीनिधी आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनिश्री 108 सुप्रभ सागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 दर्शित सागर जी महाराज का भव्य पावन वर्षा होने जा रहा है।

नगर में वर्षा योग का कलश स्थापना एवं गुरू पूर्णिमा महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन दिनांक 2 और 3 जूलाई को आयोजित होगा। समाज के पदाधिकारियों द्वारा आयोजन की विस्तृत जानकारी मीडिया को देते हुए बताया गया कि रविवार 2 जुलाई सुबह 6-30 बजे श्री जी का अभिषेक एवं शांतिधारा, 7-30 बजे पूजन विधान मुनिद्वय के मंगल प्रवचन, दोपहर 1-15 बजे ध्वजारोहण ( पार्श्वनाथ जिनालय ) ध्वजारोहण कर्ता भगवती लाल कैलाश चंद पारस कुमार सुरेश कुमार सुनिल कुमार राहुल कुमार एवं मोहिवाल परिवार बोराव, 1-30 बजे चातुर्मास हेतू कलश स्थापना समारोह, मंगलाचरण,चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन,अर्ध्य समर्पण, पाद प्रक्षालन, शास्त्र दान, मंगल कलश स्थापना के पात्र चयन, चातुर्मास स्थापना विधि एवं मुनिद्वय के मंगल उद्बोधन, शाम 6-30 बजे आचार्य भक्ती एवं आरती, सोमवार 3 जूलाई प्रातःकाल 6-30 बजे श्री जी का अभिषेक एवं शांतिधारा 7-30 बजे मंगलाचरण चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन, 7-45 गुरू पूजा एवं मुनिद्वय के पाद प्रक्षालन शास्त्र दान अर्घ्य समर्पण एवं मुनिद्वय का मंगल उद्बोधन, शाम 6-30 बजे आचार्य भक्ति एवं आरती का भव्य आयोजन होगा ।

नगर में मुनिश्री के वर्षा योग (चातुर्मास) के शुभ पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के केबीनेट मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा जिला कलेक?टर दिनेश जैन नायब तहसीलदार मोनिका जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम को लेकर समाजजनो मे अपार उत्साह होकर जोर-शोर से कार्यक्रम स्थल निर्ग्रन्थ सभागृह बापू बाजार को सजाने की तैय्यारी मे लगे हुए है। वर्षो बाद नगर मे दिगंबर संतो का चातुर्मास होने से नगर के नागरिको मे भी उत्साह का वातावरण है।

# आयुष्मान कार्ड योजना कई लोगों के लिए जीवनदान बनी है-अशोक विक्रम सोनी -जिला भाजपा महामंत्री

## भारत दुनिया मे शक्तिशाली राष्ट के रूप में आगे बढ़ रहा है -सुरेश कुमार बगड़ा अध्यक्ष नगर परिषद सिंगोली ›› गरीबो के जीवन बदलने का काम कर रही है आयुष्मान योजना- मोतीलाल धाकड़ नगर परिषदउपाध्यक्ष





**सिंगोली (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री की आयुष्मान कार्ड योजना कई बीमार लोगों के लिए जीवनदान बनी है। पहले के दौर में अगर कोई बीमार हो जाता तो इलाज के लिए पैसे के अभाव में भटकता रहता था। किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड बनाकर ऐसे लोगों के जीवन में रोशनी लाने का काम किया है। 5 लाख तक का इलाज अब मुफ्त में सरकार करवाएगी। इलाज का पैसा अस्पतालों में सरकार देगी। यह बात भाजपा जिला महामंत्री अशोक विक्रम सोनी ने बोली

वे शनिवार को सिंगोली स्थित सामुदायिक भवन परिसर में नगर परिषद द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

भाजपा नेता श्री सोनी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नेक नियत व ईमानदार के साथ जरूरतमंदों को हर सम्भव सहयोग देने के उद्देश्य से जनकल्याणकारी जनहितकारी योजनाओ को मूर्तरूप दे रहे है । यह आयुष्मान कार्ड योजना भी जनसेवा को समर्पित है।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार बगड़ा ने उपस्थित हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए योजना बनाकर काम किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी सेवा ही संकल्प और सबका साथ सबका विकास के भाव को लेकर देश में काम कर रहे हैं। भारत दुनिया में शक्तिशाली राष्ट के रूप में आगे बढ़ रहा है। श्री जैन ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेर्तव्य में यह वर्ष गरीब कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है । अध्यक्ष बगड़ा ने केंद्र व राज्य सरकार का बखान करते हुए बताया कि भारत सरकार व प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा विभिन्न योजनाए प्रारंभ की गई है । जिसमे आयुष्मान योजना भी शामिल है ।

इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ ने भी केंद्र व प्रदेश की शिवराज सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से बखान करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई आयुष्मान योजना 5 लाख रुपये तक के इलाज की ग्यारंटी है । जिसमे हितग्राही पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज करा सकेंगे ।

श्री धाकड़ ने आगे बताया कि अब इलाज के अभाव में किसी गरीब को जान नही गवाना पड़ेगी ।यह योजना गरीब वर्ग के जीवन बदलने का कार्य करेगी , अब गरीब व्यक्ति को इलाज के लिए अपना घर व जेवर गिरवी रखने की आवश्यकता नही होगी इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम को यहां बड़ी एलईडी के माध्यम से सुना व देखा गया। कार्यक्रम के दौरान करीब 100 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला भाजपा महामंत्री अशोक विक्रम सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार बगड़ा, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ , भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत पालीवाल , पार्षद सुनील कुमार सोनी , पार्षद जीवन कुमार बलाई , पार्षद प्रतिनिधि सत्तार भाई , सीएमओ कैलाश कुमार शर्मा , मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद उपयंत्री अंकित मांझी , ममता चड्डा मेडम , सोनू तिवारी , मंगल सोनी, सचिन कुमार ,लोकेश ट्रेलर, आशीष कोठारी , सागरमल सैन , बलराज छीपा , कंवरलाल प्रजापत व बाबू धाकड़ सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित रही ।

# अनुवांशिक परामर्श कार्ड के माध्यम से बीमारी की स्थिति स्पष्ट हो सकती है

## डॉ. शिल्पा बैरागी ने ग्राम चिराखान में एक कार्यक्रम के दौरान कहा




**बदनावर/चिराखान/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर तहसील के ग्राम चिराखान के उप स्वास्थ्य आरोग्य केंद्र पर शनिवार को राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड वितरण एवं सिकलसेल एनीमिया की जांच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 20 लोगों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए एवं सिकलसेल एनीमिया की 35 महिला एवं पुरुषों की जांच की गई। जिसमें केवल एक बालिका में सिकलसेल एनीमिया बीमारी पाई गई एवं एक महिला संदिग्ध पाई गई। उप स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का भाषण सुना गया। इस अवसर पर कुछ लोगों को यह कार्ड भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. शिल्पा बैरागी ने कहा कि अनुवांशिक परामर्श कार्ड की सार्थकता इस लिहाज से है कि वह अनुवांशिक परामर्श कार्ड के माध्यम से भी अपनी बीमारी की स्थिति स्पष्ट कर सकेगा। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति में रक्ताल्पता रहती हैं और इस कारण से मनुष्य की मौत भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों की शादी करने से पहले अनुवांशिक परामर्श कार्ड देख कर ही शादी करना चाहिए। जिससे इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती है। इस अवसर पर एएनएम कुसुम राठौड़, सीएचओ शिल्पा बैरागी, सरपंच कालूराम भाभर, भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष एवं पंच खेमचन्द जायसवाल, सचिव मुकेश निगम, उपसरपंच गौरव मुकाती, सहायक सचिव पप्पूलाल यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला तंवर, आशा कार्यकर्ता चंदा खतिजा, जनसेवा मित्र अजय चौधरी, अंतिम जायसवाल, दिलीप जायसवाल, संजय जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन अभियान



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद उन्हेल द्वारा राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन अभियान एवं 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड के वितरण का शुभारंभ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का शहडोल से लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन उन्हेल में किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा (धाकड़) की अध्यक्षता में सरस्वती माता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परिषद के पदाधिकारी द्वारा नागरिक को संबोधित किया जाकर सभी ने लाइव प्रसारण को देखा जिसके बाद हितग्राहियो आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण मंच से किया गया। नगरीय क्षेत्र उन्हेल में लगभग 8500 पीवीसी कार्ड का वितरण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से घर-घर जाकर किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय सभापति राजकुमार जैन, नागेश माली, पार्षद संजय शिंदे पार्षद प्रतिनिधि मनोहर लाल ढोढ़रिया, चंदर लाल चौहान, गोविन्द नंदेडा, दिलीप मोदी, मंगेश वर्मा, शिवनारायण बंबोरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेल से डॉ. बी.एल. सोनी कार्यक्रम का संचालन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम धन्यवाद संदेश का वाचन मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन द्वारा किया गया।

# घर में टेबल की ड्राज में 20 हजार रूपये नगदी

**झाबुआ/माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 28.06.2023 को फरियादी अरविंद जैन द्वारा घर में टेबल की ड्राज में 20 हजार रूपये नगदी चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 471/2023 धारा 457,380 भादवि व दिनांक 29.06.2023 को फरियादी रवि भगोरा एक लोहे की जाली वजनी करीबन 30 किलो ग्राम चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई गई थी फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाश के विरूद्ध थाना थांदला पर अपराध क्रमांक 480/2023 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । उक्त अपराध में गया मश्रुका व अज्ञात आरोपीयो की धरपकड हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा श्रीमान एसडीओपी महोदय अनुभाग थांदला को निर्देशित करने पर श्रीमान थाना प्रभारी महोदय थाना थांदला के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । प्रकरण में गया मश्रुका व अज्ञात आरोपीयो की तलाश के दौरान कल दिनांक 30.06.2023 को मुखबीर की सूचना की मिली उक्त अपराध के आरोपी योगेश संतोदिया एवं दीपक राठौड निवासी थांदला के दशदहा मैंदान थांदला में खडे है तब दबिश देकर आरोपीयों योगेश पिता बंटी सतोदीया एवं दीपक पिता शांतीलाल राठौड निवासी थांदला को पकडा जिनसे जुर्म बाबद पुछताछ करते जुर्म स्वीकार करने पर पंचानो के समक्ष गिरफ्तार कर आरोपी योगेश से 2000 रूपये नगदी व आरोपी दीपक राठौर से 1500 रूपये व एक लोहे की जाली जप्त2 की गई । उक्त सराहनीय कार्य पुलिस अधीक्षक झाबुआ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबुआ तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) थांदला के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी थांदला निरीक्षक कैलाश चौहान के नेतृत्व में सउनि महावीरसिंह विश्वकर्मा, प्रआर 205 राजेन्द्र चौहान ,कार्य प्रआर 260 रूपेश गरवाल, आर.618 अनिल व आर.442 राहुल जमरा की मुख्य भूमिका रही ।



# ये राधिका मदान का साल है





**जीएनएस।** राधिका मदान एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो क्वॉलिटी वर्क और ग्रोथ के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। पांच साल से भी कम समय में, राधिका ने बारह से अधिक प्रोजैक्ट्स पर काम किया है, जिनमें से प्रत्येक जॉनर, कॉन्सेप्ट और दृष्टिकोण में भिन्न है, जिससे उनकी वर्सटाइल प्रतिभा मजबूत हुई है।

पिछले साल अभिनेत्री ने छह प्रोजैक्ट्स की शूटिंग पूरी की और इस साल सात की रिलीज की प्रतीक्षा कर रही है। इनमें से, कुत्ते, सास बहू और फ्लेमिंगो और कच्चे लिम्बु को उनके परफॉरमेंस के लिए पहले ही ढेर सारा प्यार और प्रशंसा मिली है।

ट्रेड ऐनालिस्ट तरण आदर्श कहते हैं, ÷राधिका एक बहुत अच्छी अभिनेत्री हैं, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि काम करते रहना और विकसित होना; यही वह अपनी फिल्मों के साथ कर रही है। उदाहरण के लिए, कुत्ते में, वह एक बहुत ही कठिन भूमिका थी , लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से किया। यह एक कॉम्प्लेक्स, डार्क फिल्म थी। क्वालिटी की मशाल को आगे बढ़ाते हुए राधिका ने ध्यान से ऐसी कहानियों को चुना है जो भाषा और क्षेत्र की सीमाओं को पार कर ग्लोबल कनेक्ट स्थापित करती हैं। अपनी पहली फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता से लेकर अपनी आगामी 'सना' तक, राधिका ने दुनिया भर के सिनेप्रेमियों से शब्बासी प्राप्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों का दौरा किया। राधिका ने हाल ही में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री ऋषि सनक से भी सराहना प्राप्त की।

ट्रेड जर्नलिस्ट अतुल मोहन ने अभिनेत्री के उज्ज्वल भविष्य की पुष्टि करते हुए कहा, ÷राधिका सही मायने में एक वर्सटाइल अभिनेत्री हैं, जिन्होंने किसी भी लेबल को खुद को अपनी पहचान बनने की अनुमति नहीं दी है। अपनी पहली ही फिल्म से उन्होंने कुछ बेहतरीन प्रोजेक्ट चुने हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गये है। इस साल विशेष रूप से एक के बाद एक बेहतरीन परफ़ॉर्मन्सेस के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रशंसित सना और कमर्शियल रूप से तैयार किए गए सोराराई पोटरू रीमेक के इंतज़ार के साथ बढ़िया रहा है। वह अपने पत्ते सही तरीके से खेल रही हैं और निश्चित रूप से भारतीय सिनेमा के भविष्य के लिए सबसे प्रॉमिसिंग नामों में से एक हैं।

हर कदम से सबको चौंकाने और दिल जीतने वाली, राधिका ने नए, अनोखे और दिलचस्प किरदार पेश करते हुए प्रत्येक फिल्म के साथ एक ताज़ा और शानदार परफॉरमेंस दिया है।

माँ ट्रेड जर्नेलिस्ट रोहित जयसवाल ने उनकी फिल्मों की पसंद की प्रशंसा करते हुए कहा, राधिका मदान सबसे विविध फिल्मोग्राफी के साथ इस पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। वह वर्तमान में देश के कुछ सबसे विश्वसनीय नामों के साथ काम कर रही हैं और उनकी कहानियों की चॉइस भी बेमिसाल है। उनमें खूबसूरती और टैलेंट का मेल है, जो आलिया भट्ट से मिलता जुलता है। उन्हें वास्तव में अगली फ़िल्म एक रोमांटिक लव स्टोरी करनी चाहिए।

फिल्मों के चॉइस के लिए सराही गई, राधिका मदान कंटेंट और मनोरंजन का सही मिश्रण बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही हैं।

ट्रेड एक्सपर्ट कोमल नाहटा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, राधिका बहुत अलग तरह का सिनेमा कर रही हैं; उनकी पसंद बोल्ड हैं। लेकिन, उन्हें व्यावसायिक रूप से भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि लंबी उम्र तब आती है जब आपकी फिल्म सफल होती है। वह अक्षय कुमार के साथ एक फिल्म के साथ ऐसा कर रही हैं। उसका निर्णय 100त्न फ़ायदेमंद होगा। कंटेंट और व्यावसायिक मूल्य के संयोजन से, राधिका मदान ने डिज्नी + हॉटस्टार के सास बहू और फ्लेमिंगो में शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्कर दावेदार फिल्म सूरज पोटरू के रीमेक में दिखाई देंगी।

अपने दायरे को आगे बढ़ाते हुए, राधिका अब 2023 में कई फिल्मों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें सना, प्रोडक्शन नंबर 27, मिखिल मुसले निर्देशित हैप्पी टीचर्स डे और जाने-माने विज्ञापन फिल्म निर्माता प्रशांत भागिया द्वारा निर्देशित रूमी की शराफत शामिल हैं।

# स्वार्थ और धोखेबाजी रहेगी जारी!







**जीएनएस।** एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदार अपने प्रयासों में असफल रहेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ''यशोदा (नेहा जोशी) बाबूजी (सुनील दत्त) से 15 हजार रूपये उधार मांगती है, वरना वह रणधीर (दर्शन दवे) का नौकरी का ऑफर स्वीकार कर लेगी। उनकी हरकतें यशोदा को रुला देती है। उसे सांत्वना देते समय, कृष्णा (आयुध भानुशाली) अशोक (मोहित डागा) की प्रॉपर्टी का जिक्र करता है, जिसे सुनकर यशोदा के दिमाग में एक आइडिया आता है। वह मनोज (आरजे मोहित) से सम्पर्क कर अशोक के बंद पड़े ऑफिस को किराये पर लगाने के लिये कहती है। यशोदा सभी को अशोक के ऑफिस को किराये पर लगाने की बात बताती है। वह सारे बिल भर देती है, लेकिन तभी दादाजी किरायेदार के साथ आ धमकते हैं और कहते हैं कि उन्होंने वह ऑफिस बेच दिया है और यशोदा को किरायेदार से लिये गये पैसे वापस लौटाने होंगे।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये योगेश त्रिपाठी कहते हैं, ''गब्बर (साहेब दास माणिकपुरी) राजेश (कामना पाठक) से दस लाख रूपये मांगता है। राजेश हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से पैसों का इंतजाम करने के लिये कहती है। हप्पू जब अगले दिन पुलिस स्टेशन पहुंचता है, तो कमिश्नर (किशोर भानुशाली) को भड़का हुआ पाता है। कमिश्नर कहता है कि वह खुद को बूढ़ा महसूस करने लगा है और चाहता है कि उसकी उम्र 10 साल कम हो जाये। घर वापस लौटते समय हप्पू को एक बाबा मिलते हैं, जो उसे पौधा देकर कहते हैं कि इस पौधे पर लगने वाले फूल को जो भी खा लेता है, उसकी उम्र 10 साल कम हो जायेगी और वह पहले से ज्यादा जवान हो जायेगा। हप्पू को 10 लाख रूपये का इंतजाम करने का उपाय सूझता है। इस बीच बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को फूल के बारे में पता चलता है और वह हप्पू से उस फूल को देने का अनुरोध करता है। वह बताता है कि उसने बिमलेश और राजेश की बात सुनी है, जिसमें बिमलेश राजेश से कहती है कि बेनी कितना बूढ़ा लगने लगा है और वह इससे परेशान है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये विभूति नारायण मिश्रा कहते हैं, ''तिवारी (रोहिताश्व गौड़) टीका (वैभव माथुर) और टीलू (सलीम जैदी) का अपमान करता है। विभूति (आसिफ शेख) यह देख लेता है और तिवारी को सबक सिखाने के लिये टीका और टीलू के साथ मिलकर एक प्लान बनाता है। अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को रेशनलिस्ट ग्रुप का प्रेसिडेंट निर्वाचित किया जाता है और वह लोगों को धोखेबाजों के बारे में शिक्षित करती है। तीनों (टीका, टीलू और विभूति) तिवारी एवं अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को उनके घर में परालौकिक गतिविधियों का अनुभव कराते हैं। अगले दिन जब वे विभूति से उन गतिविधियों के बारे में चर्चा कर रहे होते हैं, तो वह कहता है कि वह भूत पकड़ सकता है और उनकी समस्या का समाधान कर सकता है, यदि तिवारी उसे पैसे दे। तिवारी काफी डरा हुआ होता है और अपने घर पर यज्ञ करने के लिये विभूति को मोटी रकम देता है, लेकिन सक्सेना (सानंद वर्मा) उन तीनों को तिवारी को मूर्ख बनाते देख लेता है।''

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# 'द मुंबई डायरीज़' और 'मान मेरी जान' फेम नताशा भारद्वाज की अगली वेब सीरीज़, 'इश्क नेक्स्ट डोर' है एक क्यूट सी लव स्टोरी



**जीएनएस।** नताशा भारद्वाज ने स'इंडियाज नेक्स्ट सुपरस्टार' जीतने से लेकर आईएमडीबी की पहली 'ब्रेक आउट स्टार' बनने तक एक लंबा सफर तय किया है और किंग के साथ सभी रिकॉर्ड तोड़ने वाले गाने के साथ जनता के दिलों में अपनी अनोखी पहचान बनाई है। नताशा को निखिल आडवाणी के शो मुंबई डायरीज़ में डॉ. दीया के किरदार के लिए अपार प्रशंसा और प्यार मिला। यह वही किरदार था जिससे उन्हें मीडिया के साथ-साथ दर्शकों के बीच भी आलोचनात्मक प्रशंसा मिली और सभी ने बहुत सराहना भी की। नताशा केवल आगे और ऊपर की ओर बढ़ रही है और ऐसी भूमिकाएँ और परियोजनाएँ अपना रही हैं जो उसे रचनात्मक रूप से उन्हें नए किरदार निभाने की अनुमति देती हैं, जो उनके पिछले निभाए गए पात्रों से अलग है। नताशा अपनी अगली वेब 'इश्क नेक्स्ट डोर' में मुख्य भूमिका निभाती हैं, जो एक सरल और दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी है, जो हमें सरल








समय की ओल्ड स्कूल वाले प्यार की याद याद दिलाती है।

इश्क नेक्स्ट डोर एक लव ट्राएंगल के रोमांचक दायरे की पड़ताल करता है। नताशा एक सरल, केंद्रित और दयालु लड़की की भूमिका निभाती है जो जानती है कि जीवन में उसकी महत्वकांक्षाएं क्या हैं।

शो पर उत्साह साझा करते हुए, नताशा कहती हैं, ÷मैं काफी एक्साइटेड हूं! 'इश्क नेक्स्ट डोर' की स्क्रिप्ट ने मुझे पहले नरेशन से ही इंप्रेस कर दिया था। यह एक सम्मोहक कहानी प्रस्तुत करती है जो मेरे साथ गहराई से जुड़ी है। मुझे खुशी है कि यूनिवर्स इसकी अनुमति दे रहा है की मैं विभिन्न गहराईयों और आर्क्स वाले किरदारों को चित्रित कर पा रही हूं। मैं दर्शकों के समक्ष इस प्यारी रोमांटिक प्रेम कहानी को प्रस्तुत करने के लिए उत्सुक हूं।

इश्क नेक्स्ट डोर 3 जुलाई से जियो सिनेमाज पर मुफ्त में स्ट्रीम होगा। इस आकर्षक वेब सीरीज में प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं, जिनमें नताशा भारद्वाज, अभय महाजन, पूरव झा और मृणाल दत्त महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाते नज़र आयेंगे।

## बारिश की दस्तक

*पहली बारिश के आते ही*
*घुमड़े काले बदरा बीच*
*सूरज आंख मिचौली खेल रहा*
*चलते बादलों के बीच से*
*प्रखर किरणों का निकलना*
*मन को आनंदित करता*
*रिमझिम बारिश के साथ*
*मिलकर*
*रोशनी का यह अनोखा संगम*
*चिड़ा चिड़ी का ब्याह रचता।*
*काले घनघोर बादलों के बीच*
*से,*
*जैसे बिजलियां कड़क रही*
*मन घबराकर बेचैन हो रहा*
*प्रकृति का यह प्रकोप*
*क्रोध बनकर किधर बरस रहा*
*मोबाइल की सफेद रोशनी में*
*कोई जल्दबाजी करता हुआ*
*खूब परेशान होकर भी*
*शायद कुछ ढूंढ रहा अचानक।*
*बादलों की रज़ाई सी रुई ने*
*सारे आसमाँ को ढंक लिया*
*घोर बादलों की गूंजों ने*
*मौसम का रुख बदल लिया*
*उड़न छू हो गई गर्मी की तपिश*
*बारिश की बूंदाबांदी से*
*शुरू हुई रिमझिम बौछारों ने*
*जल धारा का प्रवाह बन*
*धरती को नापना शुरू कर दिया।*
*इस पहेली बारिश ने दस्तक*
*देकर*
*सबका मन आनंदित कर दिया*
*हरियाली छाने को हुई बेताब*
*पेड़-पौधे, वृक्ष-जंगल, झाड़ियों*
*पक्षियों, पंछियों और परिंदों ने*
*खुशी से झूमकर नृत्य किया*
*घरौंदे से बाहर निकलकर*
*मस्त माहौल में उन्मुक्त हो*
*खूब मजा लिया और दिया।*
*तालाब, तलैया, डोबरें सभी*
*जल से लबालब भरे होकर*
*तपन की शांति में सहभागी हुए*
*जीव जंतु भी मछलियों संग*
*खेलने लगते अठखेलियां करते*
*सरसर करती हवाओं के साथ*
*डालियां-डगाले, पत्तियां झूमकर*
*सस्वर गान से गुंजायमान हो*
*प्रकृति का रस बिखेर रही है।*

*पानी से व्याकुल प्यासी धरती,*
*बारिश की पहली बूँद गिरते ही*
*भीगकर रोमांचित हो*
*अपनी छाती फुला कर*
*पानी को भरने की*
*असीमित कोशिश करती*
*अपारशक्ति का परिचय दें*
*केवल जलमग्न होकर*
*समाधिस्थ होना चाहती है।*

***-डॉ. मनीष दवे, महालक्ष्मी***

## भावनानी के भाव

## नारी

*नारी ऐसी होती है जो सभी*
*रिश्तो को एक धागे में पिरोती है*
*मां बहन पत्नी बेटी बन*
*हर रिश्ते को संजयोती है*
*भारतीय संस्कृति में नारी*
*लक्ष्मी सरस्वती पार्वती की रूप होती है*
*समय आने पर मां रणचंडी दुर्गा,*
*काली का स्वरूप होती है*

*मत समझ अब अबला*
*नारी सबला होकर जीती है*
*हर क्षेत्र में नारी आगे*
*भारत कि अब यह नीति है*
*सम्मान करो नारी का वो*
*ममता प्यार वात्सल्य का स्वरूप होती है*

*अपमान न करना नारी का*
*आज की नारी सबला होती है*
*कौन कहता है इस युग में*
*नारी अबला होती है*

*आज की दुनिया में*
*नारी सबला होती है*
*करुणा दया नम्रता ममता से*
*उसकी परख होती है*
*इसका मतलब यह ना समझना*
*वह कमजोर होती है*

***- किशन सनमुखदास***
***भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र***

## पानी।

*यह जीवन की सबसे बड़ी अदालत में,*
*एक अभिन्न अंग है,*
*इसके बिना सब कुछ बदरंग है,*
*प्यार और स्नेह की सबसे बड़ी कहानी है,*
*ममता और प्यार संग,*
*इसकी पूरानी रिवायतों को लेकर चलने की,*
*यह अनंतकाल तक सुखद अहसास,*
*की खूबसूरत निशानी है।*
*यह बराबरी पर सुन्दर लगती है,*
*अत्यंत कम और अत्यधिक पर तबाही,*
*का कारण बनकर सबको तरपाती है।*
*यहां शुचिता और समरसता है,*
*कहीं मुसीबत तबाही और नग्नता है,*
*खुशियां और अवसाद है,*
*अत्यंत कम और अत्यधिक में आपसी विवाद है,*
*कहीं यह प्यास बुझाता है,*
*कहीं अस्तित्व खो जाता है,*
*कहीं खुशियां का समन्दर है,*
*कहीं विलाप और भगंदर है,*
*पानी तेरी लीला अपरम्पार है,*
*कहीं ग़म तो कहीं यह गुलजार है,*
*आओ हम-सब मिलकर यहां प्रेम गीत गाएं,*
*पानी और इसकी सच्चाई से,*
*दुनिया को अवगत कराएं।*

***-डॉ. अशोक, पटना***

## कभी तेज वो धूप

*मेहनत करता रात दिन, करता दो से चार*
*बिन ब्याही है बेटियॉं, करता सोच विचार*
*बेटा अगर बिगड़ गया, इसे पहले सुधार*
*हैं दायित्व यह बाप का, बंद करें सब द्वार*

*बदले है अब आदमी, दिन में अनेक रूप*
*छांव बने ठण्डी कभी, कभी तेज वो धूप*
*आते उसके पास ही, पैसा जिसके पास*
*रहते उसके ही सदा, बनकर देखो खास*
*बोली में रहती सदा, जिसके होंठ मिठास*

*आते है सब प्रेम से, मिलने उसके पास*
*सेवा करने में रहे, हरदम जो तैयार*
*माने ऐसे लोग को, सब अपना सरदार*
*कितना देख बदल गया, देखो ये इंसान*
*सारी इसकी गुम हुई, अपनी ही पहचान*
*आदत ना बदले बुरी, कहने से भी यार*

*रखें नहीं उससे कभी, तुम अपना व्यवहार*
*रखें सदा ही जो यहॉं, अपनी जुबां तलवार*
*उसकी वाणी पर कभी, ना करना एतबार*
*दूजों के हित में सदा, आता है जो काम*
*विपति में यदि साथ रहे, लड़े आप संग्राम*

***-रमेश मनोहरा***

# सावन में करे शिव पुराण का पाठ जानते है वास्तु शास्त्री सुमित्राजी से




शिव पुराण 18 पुराणों में से एक है, जिसमें भगवान शिव की लीला कथाओं और इनकी पूजा विधि सहित शिवलिंग की उत्पत्ति और शिव भक्ति से संबंधित कथाएं हैं। शिव पुराण का पाठ कभी भी शुभ मुहूर्त में आयोजन कर सकते हैं। लेकिन सावन के महीने में शिव पुराण को पढना और सुनना बहुत ही पुण्यदायी होता है। शिव पुराण में भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया गया है। भगवान शिव की महिमा का गुणगान कई प्राचीन भारतीय ग्रंथों में देखने को मिलता है लेकिन शिव पुराण में उनके जीवन पर गहराई से प्रकाश डाला गया है। शिव पुराण में उनके जीवन, विवाह, संतान, रहन-सहन आदि के बारे में विस्तार से बताया गया है। शिव पुराण में 6 खंड और 24000 श्लोक हैं।

भगवान शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है और उनकी कृपा मात्र से भक्तों के कई कष्टों का निवारण हो जाता है। शिव भगवान की महिमा को पढ़ने से भक्तों को कई लाभ प्राप्त होते हैं।

-शिव पुराण का पाठ करने से व्यक्ति को भय से मुक्ति मिलती है।

-इस पुराण का पाठ करने से व्यक्ति को भोग और मोक्ष दोनों की ही प्राप्ति होती है।

-यदि आप अपने पापों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो शिव पुराण का पाठ सबसे ज्यादा लाभकारी है।

-सावन के महीने में शिव पुराण का पाठ करने से जीवन के सब दुखों से मुक्ति मिलती है।

-शिव पुराण का पाठ करने से इंसान को मृत्यु का भय नहीं सताता और मृत्यु के बाद ऐसे व्यक्ति को शिव के गण लेने आते हैं।

-मानसिक शांति की प्राप्ति के लिये भी शिव पुराण का पाठ किया जाता है।

भगवान शिव के भक्तों के लिये शिव पुराण का बड़ा महत्व है। इस पुराण में शिव जी को वात्सल्य, दया और करुणा की मूर्ति के रुप में महिमामंडित किया गया है। इस पुराण का पाठ करने से भक्तों के अंदर भी ऐसे ही गुणों का संचार होता है। हिंदू धर्म में शिव पुराण को बहुत अहम माना जाता है।

शिव महापुराण का पाठ करते समय इन बातों का रखें ध्यान

शिव पुराण का पाठ करने के दौरान ब्रह्मचर्य का पालन करना अनिवार्य है। पाठ को शुरु करने से पहने आपको स्वच्छ जल से नहाना चाहिये और साफ-सुथरे कपड़े पहनने चाहिये। अपने नाखून-बाल आदि को भी साफ करना चाहिये। जब तक आप शिव पुराण का पाठ कर रहे हैं तब तक आपको भूमि पर सोना चाहिये। मांस-मदिरा का सेवन भी वर्जित है। कथा के संपन्न होने के बाद आपको शिव परिवार की पूजा करनी चाहिये।

**सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ सुमित्रा अग्रवाल**
**कोलकाता**
**यूट्यूब वास्तु सुमित्रा**

# मैंने अपने शॉट्स नहीं देखे हैं, मुझे संदीप पर पूरा भरोसा है, अनिल कपूर ने संदीप मोदी की रचनात्मक प्रवृत्ति की सराहना करते हुआ कहा; 'द नाइट मैनेजर - पार्ट 2 को जल्दी रिलीज़ किया गया!







**जीएनएस।** शो के निर्माताओं ने शो को इसकी मूल रिलीज़ डेट से एक दिन पहले रिलीज़ कर दिया है और यह शो अब दर्शकों के लिए उपलब्ध है, जिससे प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है!

'द नाइट मैनेजर' के पहले भाग के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के बाद, संदीप मोदी 2023 की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली श्रृंखला में से ÷द नाइट मैनेजर÷ के दूसरे भाग के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। श्रृंखला में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धूलिपाला प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

दूसरे भाग की रिलीज़ से पहले, अनिल कपूर ने बताया, ÷जब संदीप (शो के निर्माता) ने एक शॉट ओके किया, तो मुझे कभी भी जाकर इसे जांचने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। मुझे उनकी रचनात्मक प्रवृत्ति पर पूरा भरोसा है। मैंने 99त्न शॉट्स नहीं देखे हैं।

संदीप को सुष्मिता सेन-स्टारर 'आर्या'और 'द नाइट मैनेजर - पार्ट 1 जैसी बड़ी सफलताएं देने का श्रेय दिया जाता है।

**मालवा पत्रकारिता उत्सव मे शब्दों की अस्मिता पर बोले वरिष्ठ पत्रकार**

# वर्तमान मे सत्ता के चरण और भाट के रूप मे की जा रही पत्रकारिता







**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पत्रकारिता के लिए अब संक्रमण काल चल रहा है सभी अपनी जिम्मेदारी भूल चुके हैं लोकतंत्र की पालकी के कहारों की आंखो का पानी मर चुका है हमें चौथा स्तंभ माना गया है लेकिन इस पालकी के तीन स्तंभ सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। वर्तमान में पत्रकार भी अपनी जिम्मेदारियों को ठीक तरीके से नहीं निभा रहे हैं और सत्ता के चरण और भाट के रूप में पत्रकारिता कर रहे हैं, जबकि उन्हें सत्ता में बैठे लोगों से सवाल करना चाहिए पर उनके सवाल सत्ता से नहीं बल्कि उनके विरोध में खड़े लोगों से हैं वर्तमान में कोई सत्ता से सवाल पूछता है तो ऐसा माना जाता है जैसे कोई ईश निंदा कर रहा हो।

यह बात प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मालवा पत्रकारिता उत्सव मे वर्तमान समय मे बदलती पत्रकारिता विषय पर दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, ग्वालियर से आए वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश पाठक एवं भोपाल से पधारे वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश दीक्षित ने मालवा पत्रकारिता उत्सव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही।

मालवा पत्रकारिता उत्सव की संपूर्ण जानकारी देते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विशालसिंह हाड़ा ने बताया कि ÷प्रो. रामसखा गौतम सभागार, सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र उज्जैन पर मालवा पत्रकारिता उत्सव 2023 का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे मोहन यादव मंत्री, म. प्र. शासन, अनिल फिरोजिया सांसद उज्जैन, पारस जैन पूर्व मंत्री एवं विधायक, महेश परमार विधायक तराना, श्याम बंसल अध्यक्ष प्राधिकरण के साथ ही नईदिल्ली के दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, प्रदेश टुडे मीडिया के चेयरमैन हृदयेश दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश पाठक, स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, प्रेस क्लब के संस्थापक सुनील जैन ने

माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में ज्योतिषशास्त्र अध्ययनशाला के आचार्य राजराजेश्वर शास्त्री मूसलगांवकर के द्वारा मंगलाचरण किया गया। जिसके पश्चात वरिष्ठ पत्रकारो के द्वारा वर्तमान समय मे बदलती परिस्थितियो के बीच पत्रकारिता, वर्तमान मे पत्रकारिता क्षेत्र में किए जाने वाले सुधार और इस पत्रकारो को वर्तमान समय में आ रही विपत्तियो पर विचार व्यक्त किए गए।

मीडिया अवार्ड 2023 से हुआ इनका सम्मान

मालवा पत्रकारिता उत्सव के दौरान उपस्थित अतिथियो व वरिष्ठ पत्रकारों के द्वारा सुश्री नीता सिसोदिया वरिष्ठ पत्रकार इंदौर, सुनील शर्मा वरिष्ठ पत्रकार धार, नईम कुरेशी वरिष्ठ पत्रकार शाजापुर, अनिल सिंह सिकरवार वरिष्ठ पत्रकार देवास, शौकीन जैन वरिष्ठ पत्रकार नीमच, राजेश जैन वरिष्ठ पत्रकार रतलाम, को मीडिया अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।

## एमजीएमसी के विद्यार्थियों ने पूछे वरिष्ठ पत्रकारो से सवाल

मालवा पत्रकारिता उत्सव के दौरान एमजीएमसी के बच्चों ने वरिष्ठ पत्रकारों से कुछ सवाल पूछे जिसके जवाब में वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा डॉ राकेश पाठक और हृदयेश दीक्षित ने जवाब देते हुए कहा कि हर सूचना खबर नहीं होती और हर व्यक्ति पत्रकार नहीं होता। वर्तमान में पत्रकार तो खबर को अपनी कसौटी पर कसने के बाद ही इसे वायरल करता है लेकिन सोशल मीडिया की यूनिवर्सिटी पर जो खबरें चल रही है। उसमें क्या सत्यता है यह बताने वाला कोई नहीं है। विद्यार्थियों द्वारा जब पूछा गया कि वरिष्ठ पत्रकार अपने संस्थानों के बजाय अब यूट्यूब पर अपनी अभिव्यक्ति क्यों व्यक्त कर रहे हैं इसके जवाब में वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता में अब मैनेजमेंट का बंधन साफतौर पर नजर आता है अब स्वतंत्र पत्रकारिता नहीं होती अब सरकार खुद तय करती है कि पेज नंबर 1 पर क्या खबर लगेगी और 8 पर क्या। पत्रकारों की सुरक्षा के जवाब में आपने कहा कि सरकारों को मुस्तैदी से पत्रकारों की सुरक्षा करना चाहिए लेकिन अब तो सरकार ही पत्रकारों के पीछे पड़ी हुई है अलग से पत्रकारों के लिए कोई प्रोटेक्शन एक्ट नहीं है पहले की सरकार पत्रकारों के बारे में सोचती थी और काम करती थी लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है।

## मालवा पत्रकारिता उत्सव में यह बोले वरिष्ठ पत्रकार

● वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा ने कहा कि मुझे पत्रकारिता में लगभग 40 साल हो गए हैं मैंने पत्रकारिता के कई बदलते हुए दौर देखे हैं। वर्तमान में पत्रकारिता के ध्रुवीकरण का दौर चल रहा है और यह जैसे जैसे पैना होगा। वैसे ही पत्रकारिता के लिए और भी मुसीबत बढ़ती जाएगी। आज का समय सूचनाओं के सशक्तिकरण का दौर है। वर्ष 1439 में जब मुद्रित पत्रकारिता होती थी उस समय भी फेक न्यूज़ चल रही थी आज कुछ ऐसा नया नहीं है वर्तमान में पत्रकार कोई काम करता है तो उस पर तो मत लगा दी जाती है जबकि आज के समय में अन्य वर्ग द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर आवाज उठाने वाला सिर्फ पत्रकार ही है। सरकार हमेशा से ही पत्रकारिता में हस्तक्षेप करती आई है पूर्व में भी इन लोगों की पसंद के हिसाब से ही पत्रकारों को मीडिया के बड़े संस्थानों में लाया जाता था। वर्तमान में स्थिति तो यह है कि अब हेड लाइन मैनेजमेंट भी होने लगा है जो कि एक बड़ी चिंता का विषय है और आने वाले समय में एआई का जो रोल मीडिया में शुरू हो रहा है उससे पत्रकार कैसे निपट पाएगा यह एक बड़ी चुनौती है।

● हृदयेश दीक्षित, पत्रकार भोपाल ने मालवा पत्रकारिता उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने 450 रुपये से पत्रकारिता की शुरुआत की थी श्रमजीवी पत्रकार बनकर मैंने बरसो तक ईमानदारी से कार्य किया लेकिन मुझे यह बताते हुए कोई शर्म नहीं है कि वर्तमान में अब जब मैं एक मीडिया समूह का मालिक हूं उस समय मुझ पर सरकार की कई पाबंदियां हैं। वर्ष 2014 से 2023 तक पत्रकारिता का दौर काफी बदला है इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अपनी जिम्मेदारी भूल चुका है अब देश के बड़े मुद्दों पर नहीं बल्कि प्रधानमंत्री विदेश में जाकर क्या खाना खाएंगे उस पर चर्चा करता है। हम स्वयंभू लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं जिन्हें कोई कुछ मानने को तैयार ही नहीं है प्रिंट मीडिया के लिए आज का समय काफी खतरनाक चल रहा है आप प्रश्न पूछते रहे लोगों से बात करना कभी नहीं छोड़े। मैं पत्रकारिता को जीवित रखने के साथ ही पत्रकारों के सम्मान के लिए सदैव तत्पर हूं।

● डॉ. राकेश पाठक, पत्रकार ग्वालियर ने बताया कि आज के समय में डिजिटल मीडिया बेलगाम है सूचनाओं का सोशल मीडिया पर महा विस्फोट हो रहा है हर सूचना देने वाला व्यक्ति पत्रकार नहीं है व्हाट्सएप ट्विटर सोशल मीडिया पर हर कोई बिना जिम्मेदारी के न्यूज़ भेज रहा है लेकिन सच्ची खबरें देने वालों की जिम्मेदारी सच को सामने लाने की है सूचना को अपनी कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही यदि पत्रकार चलाएंगे तो इससे फेक न्यूज़ का मायाजाल समाप्त हो जाएगा। पत्रकारिता के लिए आपका समय संक्रमण काल की तरह हो गया है सभी अपनी जिम्मेदारियां भूल चुके हैं लोकतंत्र की पालकी के चारों कहारों की आंखो का पानी मर चुका है।

# गुरू पूर्णिमा से शहर में दौड़ेगी महाकाल लोक एक्सप्रेस

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए गुरू पूर्णिमा से महाकाल लोक एक्सप्रेस की शुरूआत की जा रही है। देवासगेट और नानाखेड़ा बस स्टेंड से इसका संचालन किया जायेगा। पहले दिन यात्री निःशुल्क यात्रा कर सकेगें।

11 अक्टूबर 2022 को बाबा महाकाल की नगरी में महाकाल लोक का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। धार्मिक नगरी की ख्याति पूरे विश्व में पहुंची और लगातार देश-विदेश से श्रद्धालुओं का धार्मिक नगरी में पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने देव स्थलों तक पहुंचने के लिये महाकाल लोक एक्सप्रेस बस सुविधा की शुरूआत करने का निर्णय लिया और सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड को इसका संचालन करने के निर्देश जारी किये। चार बसे पूर्ण रूप से तैयार हो चुकी है, जिसका शुभारंभ गुरू पूर्णिमा (3 जुलाई) से किया जा रहा है। चार बसे देवासगेट और नानाखेड़ा बस स्टेंड से संचालित की जायेगी। शुक्रवार को महापौर ने बसों का निरीक्षण किया और कहा कि इसका किराया श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार रखा जायेगा, जो काफी कम होगा। पहले दिन श्रद्धालु निन्शुल्क यात्रा कर सकेगें। महाकाल लोक एक्सप्रेस के बाद 2 भस्मारती एक्सप्रेस बसों की शुरूआत की जायेगी, जिसकी प्रक्रिया चल रही है। परिवहन विभाग से परमिट मिलने मिलते ही दोनों बसों का संचालन भी शुरू कर दिया जायेगा।

## गाइड देगें धार्मिक स्थालों की जानकारी

महाकाल लोक एक्सप्रेस शहर के धार्मिक स्थल गढक़ालिका मंदिर, सांदीपनि आश्रम, काल भैरव मंदिर, हरसिद्धि माता मंदिर, महाकाल लोक के साथ ही प्रमुख मंदिरों तक पहुंचेगी। एक्सप्रेस बस में गाइड मौजूद रहेगें, जो धार्मिक स्थलों का इतिहास और जानकारी श्रद्धालुओं का उपलब्ध करायेगें। आगमी समय से शुरू होने पर भस्मारती एक्सप्रेस इंदौर-उज्जैन के बीच चलाई जायेगी। जिसका किराया परिवहन विभाग से अनुमति मिलने के बाद तय किया जाएगा।

# पशु क्रूरता का वीडियो वायरल, युवक पर केस दर्ज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पशु करता का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक युवक स्ट्रीट डॉग को नदी में फेकता हुआ नजर आ रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पीपुल फॉर एनिमल इंदौर नाम की संस्था ने उज्जैन में आरोपी पर केस दर्ज करवा दिया। केस दर्ज होने के बाद युवक ने अपने इंस्टाग्राम पर माफ़ी मांग ली। सामाजिक कार्यकर्ता गौरव बड़ोदिया कार्तिक सिंह ठाकुर व कार्तिक पवार के द्वारा पीपुल फॉर एनिमल इंदौर के अध्यक्ष प्रियांशु जैन को व्हाट्सएप पर एक वीडियो शेयर किया गया जिसमें एक युवक द्वारा क्रूरता पूर्वक स्ट्रीट डॉग को उज्जैन के लाल पुल के पास खड़े होकर यातना देते हुए उक्त डॉग को शिप्रा नदी में फेंकने का वीडियो वायरल होने के बाद संस्था के लोगो ने वायरल वीडियो पर नीलगंगा थाने में लोकेश बाथम नामक युवक पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज करा दिया। पीपुल फॉर एनिमल इंदौर के अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने बताया की एक युवक ने मेसेज कर बताया था कि लोकेश बाथम नाम के इंस्टाग्राम पेज पर वीडियो शेयर हुआ था। जिसमे एक युवक डॉग के पैर को पकड़कर नदी में फेंकता हुआ नजर आ रहा था। जिसके बाद नीलगंगा थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। हालांकि एफआईआर दर्ज होने के बाद युवक ने सोशल मीडिया पर माफ़ी भी मांगी ली।

# ससुर की हत्या करने वाले का 3 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पत्नी से तलाक मांगने की बात पर विवाद कर रहे पति ने अपने जीजा के साथ मिलकर ससुर की चाकू से जघन्य हत्या कर दी थी और साले की हत्या का प्रयास किया था। 3 दिन की तलाश के बाद भी वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। उसके जीजा का सुराग मिल गया है, जल्द हिरासत में होगा।

27 जून की रात माधवनगर थाना क्षेत्र के सेठीनगर चौराहा पर रहने वाली आरती रायकवार से उसका पति सुरेश रायकवार तलाक मांगने की बात पर विवाद कर रहा था। आरती के पिता अशोक रायकवार और भाई नरेन्द्र ने सुरेश का समझाने का प्रयास किया। वह मारपीट कर दोनों को हत्या की धमकी देगा। पति द्वारा पिता और भाई को धमकी देने और अपने साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराने आरती थाने पहुंच गई। पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज कर ली, लेकिन पुलिस उससे पकड़ पाती उससे पहले सुरेश अपने जीजा मानसिंह कश्यप के साथ अपने ससुराल पहुंचा और ससुर की जघन्य हत्या करने के साथ साले पर जानलेवा हमला कर भाग निकला। घटनाक्रम के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही है। 3 दिन बाद भी उसका सुराग नहीं मिल पाया है। सुरेश शुजालपुर का रहने वाला है, जिसकी तलाश में एक टीम शुजालपुर, अम्बेडकर नगर, रामगंजमंडी और सिमरोल में दबिश मार चुकी है। सुरेश के साथ ही उसके जीजा मानसिंह कश्यप निवासी कंचनपुरा की तलाश भी जारी है, जिसका सुराग मिल चुका है। वह जल्द पुलिस की हिरासत में होगा।

**सुरेश पर दर्ज है 20 से अधिक अपराध**–ससुर की हत्या करने वाले सुरेश रायकवार पर शुजालपुर में 20 से अधिक अपराध मारपीट, चाकूबाजी के दर्ज होना सामने आये है। अपराधों के चलते वह परिवार के साथ उज्जैन देवासगेट कुष्ट बस्ती में रहने आ गया था। उसकी अपराधिक प्रवृति और प्रताडऩाओं के चलते पत्नी आरती सालभर से 2 बच्चों के साथ मायके में रह रही है। पुलिस सुरेश की मां और बहन से भी पूछताछ कर उसका सुराग तलाशने का प्रयास कर रही है।

# श्री राजेश्वर हाईस्कूल आलोट मे प्रवेश उत्सव और राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया



**आलोट/राकेश चौहान पिंटू /दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट के स्थानीय विध्यालय के इस परिप्रेक्ष्य मे नव प्रवेशी बच्चो का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री भरत आंजना तथा श्री इंदर आंजना ने माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर की। इसी तारतम्य मे स्थानीय चिकित्सक श्री विनोद पाटीदार एवम श्री जैन पदम कासलीवालजी का सम्मान किया। कक्षा 9 तथा 10 की छात्राओ ने नृत्य , कक्षा 6 से 8 की छात्राओ ने स्वागत नृत्य और माही पुरोहित ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा श्रीमति मन्जु पोरवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री एल एन चौहान ने करते हुए डा. बिधान चन्द्र राय के जीवन पर प्रकाश डाला। श्री पाटीदार जी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए जंक फूड ना खाने की सलाह दी। श्री कासलीवाल जी ने इस वर्ष विद्यालय के मेधावी छात्र सुमित आंजना को आलोट तहसील टाप करने पर बधाई देते हुए सफलता की इस परम्परा को बनाए रखने की अपील की। अंत मे आभार श्रीइंदर आंजना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

# गरीब ब्राह्मण विद्यार्थियों को सरकार की ओर से छात्रवृत्ति दिलवाने के लिए उद्योग मंत्री को ज्ञापन दिया



**बदनावर/मालवा हेराल्ड/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ब्राह्मण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर गरीब विद्यार्थियों को महंगाई के इस दौर में अपनी शिक्षा पूर्ण करने में बहुत कठिनाईयां आ रही है। ब्राह्मण बालकों को और आर्थिक रूप से कमजोर बालकों को सरकार की ओर सै छात्रवृत्ति नहीं मिलती। इस स्थिति में, वे अपने विद्यार्थी अध्ययन को अवांछित रूप से जारी नहीं रख पा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों और ब्राह्मण बालकों को छात्रवृत्ति उनकी शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और इससे उन्हें विद्यार्थी जीवन में सफलता की दिशा मिलेगी। आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण बालक को को छात्रवृत्ति देने के लिए ब्राह्मण समाज बदनावर द्वारा उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव को ज्ञापन दिया है एवं मांग की है कि सरकार की ओर से सामान्य गरीब ब्राह्मणों को छात्रवृत्ति दी जाए। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजकुमार शर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष दीपक द्विवेदी ने बताया कि सामाजिक स्तर पर हम ऐसे विद्यार्थियों को समय-समय पर मदद करते आ रहे है इस वर्ष हमने 1100 विद्यार्थियों को एक-एक हजार रूपये की छात्रवृत्ति समाज के माध्यम से प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। उनकी कमजोरी स्थिती के सामने यह राशि बहुत कम है। इसलिए सरकार से छात्रवृत्ति के लिए ब्राह्मण समाज द्वारा विगत 15 मई से प्रदेश में ब्राह्मण छात्रवृत्ति आन्दोलन चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत प्रदेश में करीब 40 स्थानो पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा चुके है। समाज के प्रदेश कार्यकारिणी ने तय किया है कि हम सत्ता पक्ष एवं विपक्ष जनप्रतिनिधियो को भी छात्रवृत्ति हेतु निवेदन पत्र देगें। समाज के वरिष्ठ प्रजेंद्र भट्ट ने दत्तीगांव से मांग की है कि आप सरकार में महत्वपुर्ण भुमिका में है। आपकी सक्रियता समाज के हर वर्ग में निरंतर बनी हुई है। ब्राहम्ण समाज की आर्थिक स्थिती का आकलन आपको भलीभांति है। समाज आपसे निवेदन करता है कि आप सरकारतक हमारी इस अत्यंत जरूरी मांग को पहुंचाकर आर्थिक रूप से कमजोर ब्राहम्ण समाज के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दिलाने में मदद करेंगे।ज्ञापन देते समय ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रजेंद्र भट्ट, पंकज शर्मा, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक द्विवेदी, नितिन शर्मा, पार्षद जितेंद्र शर्मा, प्रवीण देव, विजय अवस्थी, मितेश शर्मा, सहित ब्राह्मण समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी ब्राह्मण समाज मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने दी।

## चक्रतीर्थ पर श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा प्रत्येक शनिवार को श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें शहरवासियों की सहभागिता से श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, नगर निगम के अधिकारीयो, कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं के द्वारा सुनहरी घाट से लेकर चक्रतीर्थ तक श्रमदान करते हुए मार्ग को साफ एवं स्वच्छ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया।

# पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक



**बदनावर/मालवा हेराल्ड/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक 1/7/2023 को संघ के अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह चंद्रावत की अध्यक्षता में मुंबई माता मंदिर (लोकाशाह मांगलिक भवन के पास) में संपन्न हुई !

बैठक में संघ के उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा द्वारा दिनांक 11/6/2023 को आयोजित पेंशनर्स संघ के वार्षिक समेल्लन में हुए आय व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया !इसके अतिरिक्त दिनांक 06/07/2023 को प्रांतीय आव्हान पर भोपाल में आयोजित धरना प्रदर्शन में तहसील बदनावर से अधिक से अधिक सदस्यों की उपस्तिथि दर्ज हो इस पर भी निर्णय किया गया कम से कम 20 सदस्यों के भोपाल जाने का अनुमान हे!

पेंशनर्स संघ के वरिष्ठ सदस्य श्री मनोहर धोड़पकर के पौत्र पारितोष ह्य/श सुजीत धोडपकर द्वारा नेट परीक्षा में 700 में से 577 अंक (82%) प्राप्त किए जाने से धोड़पकर सर द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई ! पेंशनर्स संघ के सदस्यो द्वारा पारितोष को बधाई प्रेषित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई बैठक के अंत में पेंशनर्स संघ के वरिष्ठ सदस्य श्री मधुकर मुले की पत्नी श्रीमती राधाबाई मुले का दिनांक 13/6/23 को निधन हो जाने से उन्हें 2 मिनट का मोन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई !बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल जालवार , मांगूसिंह पंवार, रमेशचंद्र माथुर , शोभागसिंह डोडिया , वीरेन्द्र रावल , शैलेंद्र जोशी , श्यामलाल शर्मा, जगदीश सोलंकी, हेमराज पंवार , छोगालाल राठौर , वीरेन्द्र सिंह सोलंकी, लोकेंद्र जोशी, रमेशचंद्र हारोड़, मनोहर मेहरुनकर बाबूलाल धांधल, शांताराम पाटीदार, भेरूलाल सिंघार , रूमालसिंह परमार,अशोक सारण, रमेशचंद्र पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार, राजेश्वर त्रिवेदी, राधेश्याम परमार, बसंतीलाल पाटीदार,शांतिलाल कुमावत,आदि सदस्य उपस्थित थे !यह जानकारी संघ के सह सचिव हुकूमसिंह सोलंकी द्वारा दी गई!

# 5 माह के अतिक्ष गोयल के पास है 10 से भी ज्यादा सरकारी दस्तावेज...



**बदनावर/मालवा हेराल्ड/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिस उम्र में बच्चों का अधिकांश समय पालने ( झूले ) में निकल जाता है बच्चे के परिवार वालो का समय भी उसके लाड प्यार में ही निकल जाता है ! धार जिले के बदनावर शहर के अतिक्ष गोयल ने कुछ अलग कर दिखाया , 01 फरवरी 2023 को अणु नगर बदनावर में साधारण परिवार में जन्मे अतिक्ष गोयल ने महज 5 माह की कम उम्र में 10 से भी ज्यादा सरकारी दस्तावेज बनवा लिए है , अतिक्ष गोयल के पिता दीपक गोयल फोटोग्राफी का काम करते है व माता सरिता गोयल गृहिणी है अतिक्ष कि माता ने अपने बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र , आधार कार्ड , पैन कार्ड , आयुष्मान कार्ड ,आभा कार्ड , समग्र कार्ड , बैंक खाता , एलआईसी पालिसी , सरकारी टीकाकरण कार्ड , परिवार पहचान पत्र ( राशन कार्ड ), मूल निवासी प्रमाण पत्र , पिछड़ा वर्ग जाती प्रमाण पत्र , मेडिक्लेम अन्य सरकारी दस्तावेज बनवा लिए है ,माता का कहना है कि 2 माह में ही आधार , पैन कार्ड बनवाने पर लोग इस बात से हैरान है कि इतने छोटे बच्चे का पैन कार्ड बन सकता है , मतलब साफ है कि समाज के लोगो मे सरकारी दस्तावेजों से संबंधित जानकारी की कमी है ,आज कल जहा लोग एक तरफ अपने आईडी , एड्रेस प्रूफ और जरूरी दस्तावेज बनवाने से डरते है या समय का आभाव का बहाना बताकर अनदेखा कर देते है ऐसे लोगो को अतिक्ष की माता का संदेश है कि बच्चे को लाड़ प्यार उसकी परवरिश करने के साथ उसके सरकारी दस्तावेजों का ध्यान रख कर समय पर बनवाने चाहिये ताकि अचानक जरूरत पड़ने पर भीड़ भाड़ से बचा जा सके ,बच्चे के विद्यालय जाने की उम्र के समय से पहले से सभी दस्तावेज बनवाने से विद्यालय में भर्ती होने के समय सरकारी कार्यालयों में भीड़ ना बने और सरकार की हिदायतों के मुताबिक वैध दस्तावेज समय पर बनवाने चाहिए ! अतिक्ष की माता ने बताया कि मोबाइल में सोशल मीडिया से दूर रहकर गूगल पर बच्चों के सरकारी दस्तावेजों के बारे में जाना और उन्हें बनवाया , सरकार की तरफ से हर योजना के अलग अलग पोर्टल है योजना का विवरण पड़कर कर हम सरकारी दस्तावेज के पात्र होने पर उसे बनवाये।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )